इसका पैटर्न आफ असिस्टेंस यह था कि ५० परसेन्ट ग्रान्ट इन एड रूरल एरिया को दी जायेगी । और इसकी प्रोग्रेस और प्रोग्राम को देखा जाये तो सैकेन्ड फाइव इयर प्लैन में सिर्फ ३४५ रूरल स्कीम्स सैंक्शन की गई । तीसरी पंच वर्षीय योजना तैयार हुई थी तो उसमें ग्रामीण जल प्रदान को प्रथम स्थान दिया गया था । तीसरी पंचवर्षीय योजना में ग्रामीण जल प्रदान के महत्व को देखते हुए मेरी राय है कि जल प्रदान योजनाओं के निर्माण और नियमन में किसी भी रूप में वित्तीय अथवा अन्य साधनों के अभाव के कारण कोई रुकावट नहीं पैदा होनी चाहिये । प्लैनिंग कमीशन का भी यही विचार था । पर जैसा मैंने बतलाया था स्टेट गवनमेंट ने इसके लिये जो अपना एस्टिमेट दिया वह **सिम्पल स्कीम्स फार वेल्स** के लिये १०० करोड़ का था । उन्होंने सिर्फ इतने की ही मांग की थी ।

A sum of Rs. 1633 lakhs has been provided in the Third Plan under the plan of the State for national water supply and sanitation programme. इस मे आप ने जो रुपया रखा था उस में से सन् १९६१-६२, १९६२-६३ में सिर्फ २७१ लाख रु० का प्राविजन हुआ था और सन् १९६३-६४ में ९१ लाख रु० का प्राविजन हुआ । तृतीय पंच वर्षीय योजना के लिये

*Moved with the recommendation of the President.

कुल १६३३ लाख में से तीन सालों में केवल ३५० लाख का प्राविजन हुआ है । इतना कम खर्च हो रहा है । प्लैनिंग कमीशन का डाइरेक्शन है कि कोई स्कीम पैसे के अभाव में बन्द नहीं होनी चाहिये । कल मैंने बतलाया कि स्टेट गवर्नमेंट ने जो वेल प्रोग्राम का एस्टिमेट भेजा है उस में १०० करोड़ की मांग की गई है । मेरे कहने का उद्देश्य यह है कि यह जो स्कीमें हैं वह काफी अच्छी हैं और उन के लिये ज्यादा पैसा दिया जाना चाहिये । सेंट्रल गवर्नमेंट ने अब तक जो पैसा दिया है वह बहुत कम है । ग्रामीण जल प्रदान योजना के लिये उचित धन राशि नहीं मिली और उसके न मिलने से इस योजना पर काफी असर पड़ा । यह जो मैं बतला रहा हूं वह तृतीय पंच वर्षीय योजना का जो मध्यावधि मूल्यांकन किया गया है उस से पता चलता है कि राज्यों की वित्तीय स्थिति को देखते हुए ग्रामीण जल प्रदान योजना के लिये जो सेंट्रल एड मिलनी चाहिये थी वह उचित रूप से नहीं मिली । जितने की आवश्यकता थी उतनी नहीं मिली, और इसका काफी बुरा परिणाम हुआ ।

भुवनेश्वर में जो रेजोल्यूशन पास हुआ उसके सम्बन्ध में हमारे वित्त मंत्री ने भाषण दिया था ।

The Finance Minister, Shri Krishnamachari, described the Bhubaneswar Resolution as a blueprint for action for the next year.

इतना होने के बाद भी इस में जो प्राविजन किया गया है वह बहुत कम है । इस के सम्बन्ध में जो कोआर्डिनेशन कमेटी बनी थी उस में काफी सुझाव दिये गये । इसलिये इस साल के बजट में ज्यादा प्राविजन किया गया है अर्थात् १५० लाख का प्राविजन है ।

इस पर अधिक समय न लेते हुए जो नदी के पास के गांव हैं और जो खारी पानी के क्षेत्र हैं, उन के बारे में कहना चाहता हूं । जिस पानी को जानवर भी नहीं पी सकते उन को आदमी कैसे पी सकेंगे । महाराष्ट्र में तो ३,००० मील का ऐसा क्षेत्र है, अर्थात् ३०० गांवों में खारी पानी है । जो इस तरह की स्केअर्सिटी एरियाज हैं कम से कम उन क्षेत्रों में जो प्रोटेक्टेड वाटर सप्लाई की योजना जल्दी से जल्दी लागू करनी चाहिये । इस काम में जो रुकावट आई है वह यह है कि सेंट्रल गवर्नमेंट सिर्फ ५० परसेन्ट ग्रांट देती है, बाकी ५० परसेन्ट वह स्टेट गवर्नमेंट से मांगती है । मैं ने बतलाया स्टेट गवर्नमेंट्स की ५० परसेन्ट देने की इच्छा नहीं है । इसलिये वह स्कीम्स बन्द पड़ी रहती हैं । कई स्टेट्स ने सेंटर से जो पैसा आया है उस को जल प्रदान योजना के लिये खर्च नहीं किया है । उसे केवल कर्मचारियों के वेतन आदि देने के लिये खर्च किया है । मेरी आप के द्वारा विनती है कि जो ५० परसेन्ट ग्रांट सेंट्रल गवर्नमेंट देती है वह ७५ परसेन्ट होनी चाहिये । २५ परसेंट स्टेट गवर्नमेंट्स को देना चाहिये । ग्रामीण लोगों से एक रुपया भी नहीं लेना चाहिये । देहात में पानी देने की हमारी मिनिमम डिमांड है लेकिन इसके लिये काफी लोकल और पापुलर कंट्रिब्यूशन मांगा जाता है जहां पर लोगों की इनकम भी बहुत कम है ।

दूसरा सुझाव मेरा स्वास्थ्य के बारे में है । देहात के लोगों की परिस्थिति और उनके स्वास्थ्य के लिये जो उपाय किये गये हैं वे बहुत चिन्ताजनक हैं । कम से कम स्कूलों में जो बच्चे पढ़ते हैं उन का मेडिकल हेल्थ एग्जामिनेशन होना चाहिये लेकिन वह भी नहीं होता । एक स्कीम इसके लिये है जिस का जिक्र इस रिपोर्ट के पेज ६३ पर किया गया है प्राइमरी हेल्थ सेंटर्स के नीचे । प्राइमरी हेल्थ सेंटर्स की स्कीम बहुत अच्छी है । एक बड़ा दवाखाना रहता है उसके नीचे कुछ सेंटर्स रहते हैं । लेकिन उस की प्रोग्रेस भी अच्छी नहीं है । आज तक जो ब्लाक्स बने हैं उन की संख्या ५२०० है और जो प्राइमरी सेंटर्स हैं उनकी संख्या केवल ३७०६ है । मैं प्रोग्राम

[श्री दे० शि० पाटिल]

आफ इस्टैब्लिशिंग प्राइमरी हेल्थ सेन्टर्स के बारे में एक जरूरी बात आप के ध्यान में लाना चाहता हूं कि :

"Programme of establishment of primary health centres received a set-back due to shortage of doctors."

इस स्कीम के अन्दर कई ऐसे क्षेत्र हैं जहां पर डाक्टर्स नहीं हैं ।

"Various measures have been suggested to attract doctors to rural centres."

लेकिन डाक्टर वहां जाना नहीं चाहते । मैं आप को बतलाना चाहता हूं कि आज ५११ प्राइमरी हेल्थ सेंटर्स हैं जहां पर डाक्टर्स नहीं हैं । प्राइमरी हेल्थ सेंटर्स जो हैं उन में देहातों और शहरों में काफी डिस्क्रिमिनेशन होता है । शहर में जो स्कीमें चलती हैं उन की तरफ ज्यादा ध्यान दिया जाता है टु प्रोवाइड ए बेटर ऐंड मोर एफिशिएन्ट मेडिकल सर्विस । प्राइमरी हेल्थ सेंटर्स जो हैं उन मे मेडिकल हैल्प जो दी जाती है उस का एक ही उद्देश्य है कि :

"Providing preventive and curative health service in an integrated form."

लेकिन इतनी भी सर्विस आज देहातों में नहीं मिलती है । आखिर में मेरी यही विनती है कि जो पैसा सेंट्रल गवर्नमेंट से स्टेटों को दिया जाता है उसका खयाल रखा जाना चाहिए । हम ने जो भुवनेश्वर में तै किया है उसके अनुसार हम को एक प्लांड टारजेट फिक्स करना चाहिए और एक टाइम फिक्स करके तीसरी पंचवर्षीय योजना में या चौथी पंचवर्षीय योजना के एक दो साल के अन्दर देहात के लिए प्योर वाटर सप्लाई का इन्तिजाम होना चाहिए । यही मेरी प्रार्थना है ।

श्री यशपाल सिंह (कैराना) : अध्यक्ष महोदय, हमारी जो दिक्कत है वह भुवनेश्वर की दिक्कत है । मैं इसी से कहता आया हूं कि हमें भुवनेश्वर नहीं भारतेश्वर चाहिए । भुवनेश्वर का मतलब होता है इंटरनेशनल और भारतेश्वर का मतलब होता है नेशनल । हमारी सरकार भुवनेश्वर के चक्कर में अपने देश को भूल जाती है ।

आज जो स्वास्थ्य के लिए ३०० करोड़ रुपया खर्च किया जा रहा है इसमें से अधिकांश धन राशि विदेशों को चली जाती है । अगर इस देश की चिकित्सा पद्धति से लाभ उठाया जाता तो एक करोड़ रुपये में इतना काम हो सकता था जितना कि ३०० करोड़ रुपये में किया गया है । आज भी अगर सरकार आंखें खोले तो देश का स्वास्थ्य बच सकता है और देश के स्वास्थ्य के साथ हमारे देश का पैसा भी बच सकता है लेकिन हमारी सरकार आंखें खोलती नहीं है और अपने घर में अंधेरा रख कर, दूसरों के घर में, विदेशों में, रोशनी करना चाहती है । वहीं से हमारी सरकार को इंस्पिरेशनस मिलते हैं । हमारी स्वास्थ्य मंत्री बहुत समय तक महात्मा गांधी की सेवा में रह चुकी हैं । महात्मा गांधी ने अपनी जिन्दगी में ऐलोपैथी के खिलाफ काम किया था और यह भी कहा था कि भारत तभी अपने पैरों पर खड़ा हो सकेगा जब भारत अपनी संस्कृति के मुताबिक इलाज करेगा । लेकिन महात्मा गांधी के साथ रहने के बाद भी हमारी स्वास्थ्य मंत्री ने यह कोशिश नहीं की कि इस देश के वायुमंडल में जो दवाएं मुफीद हो सकती हैं उनका इस्तेमाल किया जाये । आज भी सब से ज्यादा जरूरत इस बात की है कि जो आयुर्वेद सोया पड़ा है और जिसके साथ बेइन्साफी हो रही है, उसको जगाया जाये । जिस तरह से हमारे मुख्यमंत्री भाई स्वर्णकारों के साथ बइन्साफी करके सुखी नहीं रह सके, उसी तरह से हमारी स्वास्थ्य मंत्री

भी वैद्यों के साथ बेइन्साफी करके सुखी नहीं रह सकती ।

**अध्यक्ष महोदय** : आप ये क्या दुआएं देने लगे ।

**श्री यशपाल सिंह** : आयुर्वेद के लिए इस समय सब से जरूरी चीज यह है कि जो हमारी भारतीय चिकित्सा पद्धति के साथ बेइन्साफी की जा रही है वह दूर की जाये । जो रुपया आज पर केपीटा के हिसाब से देश में आयुर्वेद पर खर्च हो रहा है वह मैं आपके सामने रखना चाहता हूं । वह इस प्रकार है :

> आन्ध्र प्रदेश में पर केपीटा ६ नये पैसे, असम में पर केपीटा ५ नये पैसे, बिहार में पर कपीटा १ नया पैसा, बम्बई में पर केपीटा ८ नये पैसे, और यहां दिल्ली में पर केपीटा २ नया पैसा, आयुर्वेद पर खर्च होता है ।

तो आज जब कि एक अंधेरी फैल रही है और उसी का अनुसरण किया जा रहा है तो भारतीय आत्माओं को दुःख होना जरूरी है ।

अध्यक्ष महोदय, मुझे हंसी आ जाती है जब कि मैं पढ़े लिखे लोगों के मुंह से सुनता हूं, आई स्पेशलिस्ट, या डेंटिस्ट आदि । मुझे यह सुन कर हंसी आती है कि कुछ डाक्टर आंखों के माहिर हैं, कुछ केवल कानों के माहिर हैं तो कुछ केवल स्किन डिजीजेज के स्पेशलिस्ट हैं । ऐसा मालूम होता है कि स्वास्थ्य के ये सब विभाग अलग अलग हैं, जैसे बरेली, शाहजहांपुर, और दिल्ली जंक्शन आदि अलग अलग स्टेशन हैं । अगर सारे स्वास्थ्य को ठीक करना है तो मूल को पकड़ना चाहिए । पर अगर इन डाक्टरों का वश चलेगा तो ये हरचीज को अलग अलग करके रख देंगे, जैसे डाक्टर फार लिटिल फिंगर, डाक्टर फार रिंग फिंगर, डाक्टर फार मिडिल फिंगर और डाक्टर फार थम्ब । ये लोग एक एक चीज को अलग अलग ले कर चलते हैं, जिसकी कोई जड़ नहीं है । तो जब बुनियाद ही गलत है तो देश का स्वास्थ्य कैसे ठीक रह सकता है ।

मैं जानना चाहता हूं कि स्वास्थ्य को ठीक रखने के लिए जो सब से बड़ा विज्ञान था कम खाने का, उसके प्रचार में कितना रुपया खर्च किया गया है । २५ करोड़ रुपया बर्थ कंट्रोल पर खर्च कर दिया गया, लेकिन अगर एक करोड़ रुपया भी भारत में कम खाने का प्रसार करने के लिए और किताबें छपवाने पर खर्च किया जाता तो बर्थ कंट्रोल का कार्य अपने आप हो जाता । ज्यादा खाने से वासनाएं पैदा होती हैं और कम खाने से वासनाओं पर नियंत्रण रखा जा सकता है । इसके बारे में हमारी गीता में कहा गया है :

> विषया विनिवर्तन्ते निराहरस्य देहिनः ।
> रसवर्जं रसोप्यस्य परं दृष्ट्वा निवर्तते ।।

कम खाना खाने वाले के वासनाएं पैदा नहीं होतीं । तो जो संसार का सब से बड़ा ज्ञान है उसके प्रचार के लिए सरकार ने एक करोड़ रुपया भी खर्च नहीं किया । इसी सम्बन्ध में मैं आपके सामने दशमेशजी गुरु गोविन्द सिंह जी का यह वचन रखना चाहता हूं :

> अलप अहार, सुलप सी निन्द्रा,
> दया, खिमा तन प्रीति ।

तो इस अल्प आहार के ज्ञान के प्रसार के लिए सरकार ने एक करोड़ रुपया भी खर्च नहीं किया । और बर्थ कंट्रोल के लिए २५ करोड़ रुपया खर्च कर दिया । ये बुनियादी गलतियां हैं । जब तक ये गलतियां रहेंगी देश का स्वास्थ्य नहीं बन सकता । आज हम देखते हैं कि जितनी ही दवाएं आती जाती हैं उतने ही बीमार बढ़ते जा रहे हैं । आज इरविन अस्पताल में या विलिंगडन अस्पताल में जितने भी मरीज हैं वे वे लोग हैं जिनको ठीक से स्वास्थ्य के विज्ञान की तालीम नहीं दी गयी । अगर उनको विज्ञान की ठीक शिक्षा दी जाती तो इतनी ज्यादा बीमारियां पैदा न होतीं ।

[श्री यशपाल सिंह]

आज मैं देखता हूं कि रिक्शा वालों की यूनियन है, तांगे वालों की यूनियन है, कुलियों की यूनियन है, लेकिन न मालूम स्वास्थ्य मंत्रालय ने हार्ट ट्रबुल वालों की भी एक यूनियन क्यों नहीं बनाई । अगर ऐसा किया जाता तो इस बात का पता लग जाता कि लोग हार्ट ट्रबुल से क्यों सफर करते हैं । मेरा विश्वास है कि आज कल लोगों में चूंकि हंसी की कमी हो गयी है और नींद की कमी हो गई है इसलिए उनको हार्ट ट्रबुल ज्यादा होती है। कारण यह है कि जो हंसने के तंतु हैं उन में भोजन भर जाता है इसलिए लोगों को हंसी कम आती है और यह दिल की धड़कन का रोग हो जाता है । तो इन बातों की तरफ भी सरकार को ध्यान देना चाहिए ।

मेरा सुझाव है कि ४४ करोड़ आदमियों के रहन सहन को ठीक करने के लिए सरकार को एक योजना बनानी चाहिए और मंत्री महोदया को अपने उत्तर में हम को आश्वासन देना चाहिए कि विश्व वन्द्य बापू २५ साल तक जिस लाइन पर काम करते रहे और जो योजना उन्होंने दी उस पर भी काम किया जायेगा । मैं चाहता हूं कि उस योजना पर कम से कम एक करोड़ रुपया तो खर्च किया जाये । आज सरकार दूसरे देशों को रुपया दे रही है । फ्रांस को केवल फीस की मद में ५०० डालर दिया जाता है लेकिन देश के अन्दर लाखों आदमी दवा के बगैर मर रहे हैं । कांग्रेस बेंचेज की तरफ से ही कहा गया था कि देहात में ३० हजार लोगों के पीछे एक डाक्टर है । और वे डाक्टर भी अधकचरे हैं । दूसरे देशों में ५०० आदमियों के पीछे एक डाक्टर है । हिन्दुस्तान में बीस बीस हजार आदमियों को कोई पूछने वाला नहीं है । आज हालत यह है कि जो काम थोड़े से धन के खर्च से हो सकता है उस पर अरबों रुपया खर्च किया जाता है, लेकिन फिर भी काम नहीं बनता । आज इस बात की बड़ी जरूरत है कि आयुर्वेद के साथ इन्साफ किया जाये । आज भी हिन्दुस्तान के करोड़ों आदमी आयुर्वेद का इस्तेमाल करते हैं । और यह जो विशुद्ध आयुर्वेद की बात कही जाती है, यह तो आयुर्वेद के खिलाफ एक साजिश है । इसका मतलब यह है कि वैद्य लोग थरमामीटर इस्तेमाल नहीं कर सकते, किसी आधुनिक यंत्र का आविष्कार नहीं कर सकते और उसका व्यवहार नहीं कर सकते । इसका मतलब तो यह है कि आयुर्वेद को शून्य कर दिया जाये । मैं आप के द्वारा स्वास्थ्य मंत्री जी से अर्ज करना चाहता हूं कि ऐसा करने का तो यह मतलब होगा कि जैसे कोई कहे कि क्योंकि यहां गांधी वादी सरकार चल रही है, इसलिए हाउस में जो भी आवें लंगोट लगा कर आवे, नंगे पैरों आवें आदि आदि । इस प्रकार की बात नहीं चल सकती । आयुर्वेद के साथ यह अन्याय है कि विशुद्ध आयुर्वेद के नाम पर उसको आधुनिक बीजों का इस्तेमाल न करने दिया जाये । इसका मतलब तो यह होगा कि आयुर्वेद वाले इंजेक्शन न लगा सकें, थरमामीटर का इस्तेमाल न कर सकें । ऐसा कह के तो उनको विज्ञान का लाभ उठाने से वंचित किया जा रहा है । आज आवश्यकता इस बात की है कि पुरानी चिकित्सा पद्धति को प्रचलित किया जाये । महात्मा गांधी ने कहा था कि एलोपैथी से देश की रक्षा तभी हो सकती है जब कि ऐलोपैथी की दवाओं को समुद्र में डाल दिया जाये, ऐसा करने से आदमियों की रक्षा तो हो जायेगी लेकिन मछलियां मर जायेंगी । उनका कहना था कि इन दवाओं का विष मछलियों तक को मार देगा । लेकिन गांधी जीके अनुसार हम ने आज तक नहीं किया । मैं यह नहीं कहता कि इस काम को यक-लख कर दिया जाये । लेकिन मेरा कहना है कि देश के ४४ करोड़ आदमियों की जिन्दगी पर रहम करके होमियोपैथी का प्रचार किया जाये जो कि ऐलोपैथी के मुकाबले में ज्यादा साइंटिफिक है और सस्ती भी है । मेरा सरकार से अनुरोध है कि आयुर्वेद की भित्ति पर इस देश के स्वास्थ्य को रखा जाये । और होमियोपैथी की ओर भी सरकार विशेष ध्यान दे ।

बड़ा दुःख होता है जब हम देखते हैं कि वैद्यों को १०० रुपये माहवार पर ख़रीदा जा रहा है लेकिन ऐलोपैथिक डाक्टरों को १२०० और १५००, १५०० रुपये माहवार तक दिये जाते हैं। जो एक बिलकुल चलती हुई चीज पकड़ लेता है उसके लिए तो १५०० रुपये माहवार खर्च किये जाते हैं लेकिन आयुर्वेद शास्त्र के जानने वाले वैद्य के ऊपर केवल ८० रुपये, १०० रुपये या १२५ रुपये माहवार ही खर्च किये जाते हैं। इसलिए मेरा स्वास्थ्य मंत्रिणी महोदया से निवेदन है कि अगर देशी चिकित्सा पद्धति को उन्होंने देश में जिन्दा करना है, यहां के निवासियों का रहन सहन ठीक करना है तो देश में आयुर्वेद पद्धति को प्रचलित किया जाय।

पिछले दिनों हमारी स्वास्थ्य मंत्रिणी महोदया नेफ़ा गई थीं। उन्होंने जाकर देखा था कि ऊपर ऊंचाई की ओर पहाड़ों पर चढ़ते हुए कुछ लोगों का सांस चढ़ जाता है। उन लोगों का सांस न फूलने पाये इसके लिए हमारे स्वास्थ्य मंत्रालय ने कोशिश की लेकिन पाश्चात्य चिकित्सा विज्ञान कोई ऐसी चीज हासिल नहीं कर सका है जिससे कि उन लोगों के वास्ते जिनका कि पहाड़ों के ऊपर चढ़ने में सांस फूल जाता है, कोई विशुद्ध और अच्छी औषधि तैयार की जा सके। मेरा कहना है कि जब ऐलोपैथी इस मामले में अब तक कुछ नहीं कर सका है तो आयुर्वेद को पूरा मौक़ा दिया जाय और मुझे विश्वास है कि अगर उसे यह काम सौंपा गया तो वह ६ महीने के अन्दर इसे हल कर सकता है। हमारे देशवासियों का स्वास्थ्य तभी अच्छा बन सकेगा जबकि आयुर्वेद को पुनर्जीवित किया जायगा। मुझे यह कहते हुए दुःख होता है कि आयुर्वेद के साथ आज एक सौतेली मां जैसा व्यवहार हो रहा है। जब तक आयुर्वेद के साथ सौतेली मां का जैसा व्यवहार होता रहेगा तब तक आयुर्वेद कभी ऊपर उठ नहीं सकेगा और वह देश में पनप नहीं सकेगा।

आज सब से बड़ी ज़रूरत देश में विशुद्ध दवाइयों के मिलने की है। आज दवाइयां विशुद्ध नहीं मिल रही हैं। आज भी ऐसा होता है कि १०, १० और २०, २० साल पुरानी दवाइयां दी जाती हैं और यह १०, १० और २०, २० साल की पुरानी दवाइयां मनुष्यों के स्वास्थ्य को सुधारने के बजाय और भी अधिक ख़राब करती जा रही हैं। सब से अधिक आवश्यकता आज इस बात की है कि दवाइयों की सफाई की तरफ़ ध्यान दिया जाय। आज बाज़ार के अन्दर जो नये नये इंजैक्शंस आ रहे हैं उन इंजैक्शंस के लिए ख़ास तौर से हमारा एक डाइरैक्टोरेट होना चाहए जिसमें कि आयुर्वेद और ऐलोपैथी दोनों के वैद्य मिल कर काम करें।

जल संभरण का मसला बहुत आवश्यक है। देहातों में पानी की व्यवस्था बड़ी ही असंतोषजनक है। मैं ने अपनी आंखों से दो हज़ार देहात ऐसे देखे हैं जिनमें कि टैप सिस्टम क़ायम हो चुका है, नल लग चुके हैं, ट्यूबवैल्स क़ायम हो चुके हैं लेकिन इसको पूरे चार साल हो गये वहां पर यह जल संभरण का इंतज़ाम नहीं हो सका है। हम ने कांस्टीट्यूशन में न्युट्रिशस फुड अपने देशवासियों को सुलभ करने का वायदा किया था लेकिन उनको पौष्टिक भोजन देना तो दूर रहा हम उनको पीने का अच्छा पानी भी मुहय्या नहीं कर पाते हैं। दिल्ली के देहातों में पीने के पानी की माकूल व्यवस्था नहीं है। दिल्ली से दूर क्यों जाते हैं यहीं दिल्ली में एम० पी० क्वार्टर्स में पानी की यह हालत है कि रात को जब मुझे अपने अनुष्ठान करने के हेतु पानी की ज़रूरत पड़ती है तो मेरे वहां नलके में पानी बन्द हो जाता है और लाचार होकर मुझे उस समय टैक्सी किराये की लेकर रेलवे स्टेशन के वेटिंग रूम में स्नानादि के लिए जाना पड़ता है और इस तरह से मुझे एक स्नान के लिए ६ रुपये खर्च करने पड़ते हैं। मेरे एक स्नान की कीमत मजबूरी में ६ रुपये होती है। अब जब हम एम० पी० को पानी

[श्री यशपाल सिंह]

नहीं मिल रहा है तो जनता को पानी की किस कदर तकलीफ़ होती होगी इसका सहज में अनुमान लगाया जा सकता है ।

**एक माननीय सदस्य** : ठाकुर साहब मेरे यहां आकर स्नान कर सकते हैं ।

**अध्यक्ष महोदय** : आप टैक्सी लेकर स्टेशन जाने का कष्ट क्यों किया करते है ? आप किसी अपने दोस्त के वहां क्यों नहीं चले जाया करते ?

**श्री यशपाल सिंह** : हो सकता है कि इससे उनको असुविधा प्रतीत हो, उनके यहां जगह न हो ।

**अध्यक्ष महोदय** : मेरे यहां चले आया करिये ।

**श्री यशपाल सिंह** : बहुत बहुत धन्यवाद । मेरा निवेदन है कि स्वास्थ्य मंत्रालय शुद्ध पीने के पानी की व्यवस्था के लिए सक्रिय कदम उठाये । सरकार बड़ी तादाद में ट्यूबवैल्स लगाये । अकेले हरियाना के अन्दर पूरे ५००० ट्यूबवैन्स का इंतजाम हो तब जाकर वहां पर जल की समुचित व्यवस्था पूरी होगी । पानी की कमी को अगर दूर नहीं किया गया तो किस तरीके से हम अपने वायदे को पूरा कर पायेंगे और इस देश में कैसे खुशहाली आ सकेगी ? वैसे मुझे अपनी स्वास्थ्य मंत्रिणी महोदया की योग्यता पर पूरा विश्वास है, वे महात्मा गांधी की शिष्या रही हैं लेकिन आज सरकार द्वारा जो ऐलोपैथी के प्रति एक पक्षपातपूर्ण और देशी चिकित्सा प्रणालियों के प्रति उपेक्षा की नीति बर्ती जा रही है, उसे छोड़ना पड़ेगा । जिस ऐलोपैथिक पद्धति के खिलाफ अमरीका के बनेर मैकफैडन, विदेशों के विटरनिट्स, लुई कूने, जुस्ट, कैलाग आदि ने संघर्ष किया, जिस एलोपैथी के खिलाफ़ हजारों विदेशियों ने संघर्ष किया उस थोथी तथा बोसीदा पद्धति को यह सरकार लादे हुए है । यूनानी चिकित्सा शास्त्र में जो अनमोल हीरे और जवाहरात पड़े है उनको निकालने और उन से फायदा उठाने का अभी तक कोई ठोस प्रयास नहीं किया गया । यूनानी के हकीमों के पास ऐसी नायाब हिकमत पड़ी है कि उसकी कोई सानी नहीं रखता है लेकिन उसको नैगलैक्ट किया जा रहा है और उनको कोई बढ़ावा नहीं दिया जा रहा है । आज भी ऐलोपैथी के ऊपर सरकार करोड़ों रुपये खर्च करती जा रही है । अगर उसका सौवां हिस्सा भी सरकार यूनानी सिस्टम पर करे और खास तौर से आयुर्वेद को प्रोत्साहन देने में करे तो स्वास्थ्य के मामले में देश कहीं अधिक प्रगति कर सकता है

जामनगर में जो आयुर्वेद की संस्था चल रही है उसको प्रोत्साहन देना चाहिए और उसको और बढ़ाना चाहिए । अगर इस जामनगर की संस्था को प्रोत्साहन दिया जाय और अवसर दिया जाय तो वह सारे देश के स्वास्थ्य के मसले को हल कर सकती है ।

मंत्रिणी महोदया की काबलियत से मुझे यह उम्मीद है कि वह तिब्बिया कालिज के मामले में जरूर इंसाफ़ करेंगी और आज जो बच्चे परेशान फिर रहे हैं उन के लिए सुविधा पैदा करेंगी ।

आयुर्वेद विद्यापीठ महाविद्यालय, छात्र संघ, दिल्ली की चिरकालीन पुकार की ओर खास तौर से मैं स्वास्थ्य मंत्रिणी महोदया का

**12.57 hrs.**

[MR. DEPUTY-SPEAKER *in the Chair*]

ध्यान दिलाना चाहता हूं। उन की यह मुख्य मांगें हैं :—

(१) अवैतनिक प्राध्यापकों के स्थान पर स्थाई तथा वैतनिक प्राध्यापकों को नियुक्त किया जाय ।

(२) योग्य एवं शिक्षित प्राध्यापकों को अध्यापन हेतु नियुक्त किया जाय ।

(३) अन्तरंग एवं बहिरंग चिकित्सालयों को उचित रूप से चलाया जाय ।

(४) प्रत्येक विषय के प्रत्यक्ष कर्माभ्यास का ज्ञान कराया जाय ।

(५) पुस्तकालय की समुचित व्यवस्था हो ।

(६) औषध निर्माणशाला का पूर्ण प्रबन्ध हो ।

(७) फ़ीस लेने तथा अन्य कार्यों के लिए कम से कम एक टाइपिस्ट क्लर्क की नियुक्ति हो ।

(८) विद्यापीठ अधिकारियों के संरक्षण में चलने वाले अवैधानिक महाविद्यालयों की जांच कराई जाय ।

(९) उत्तीर्ण स्नातकों का सभी प्रदेशों में पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) हो ।

वैद्यों का रजिस्ट्रेशन चार साल से बन्द है । वैद्य लोग इस के लिए जूते चटकाते फिरते हैं । यह जरूरी है कि उनके रजिस्ट्रेशन का खास तौर से माकूल इंतज़ाम किया जाय और जो लोग रजिस्ट्रेशन के अधिकारी हों उनको रजिस्टर्ड किया जाय ।

आचार्य जगदीश प्रसाद वैद्य, जिनके चरणों में बैठ कर सैकड़ों लोगों ने आयुर्वेद का प्रशिक्षण प्राप्त किया है, जिन्होंने अपनी शिक्षा, दीक्षा से भारत के अन्दर सैकड़ों वैद्य तैयार किये हैं, जिनके हाथों में रसायन है, जोकि एक सिद्धहस्त वैद्य हैं, ऐसे लोगों को बुला कर मशविरा किया जाय और यह जो झूठी संस्थाएं चल रही हैं जिनका कि ५०, ५० हजार रुपये साल का बजट आता है, वह तमाम रुपया सफर भत्तों में चला जाता है हवाई जहाजों, ट्रेनों और मोटरगाड़ियों के सफर वगैरह में बिलकुल बेकार में खर्च हो जाता है और देशवासियों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए उनकी ओर से कोई भी ठोस काम नहीं किया जाता है । इसका इलाज किया जाय । सारे देश को एक सूत्र में बांधने के लिए भी यह जरूरी है कि बचपन से ही हमारे बालकों को स्कूलों में आयुर्वेद की शिक्षा दिलाई जाय । आखिर को इस देश की रक्षा का भार आगे चल कर बालकों पर आने वाला है । अब देश की रक्षा वही बच्चे कर सकेंगे जिनका कि स्वास्थ्य सुन्दर होगा । इसके लिए यह आवश्यक है कि हम अपने बच्चों को पांचवीं क्लास से और छठी क्लास से आयुर्वेद का शिक्षण दें, स्वास्थ्य का मंत्र उन्हें सिखाया जाये । आचार्य जगदीश प्रसाद वैद्य को बुला कर सरकार उनके ज्ञान से लाभ उठाये ।

कैंसर के अनुसंधान पर सरकार ३५ लाख रुपया खर्च करती है लेकिन कैंसर को बन्द करने के लिए तम्बाकू के प्रयोग को सरकार बन्द नहीं कर सकती । सिग्रेट, बिड़ी आदि का पीना बन्द नहीं कर सकती । कैंसर को रोकने के लिए ठोस क़दम उठाये जायें । आज दिल्ली के निवासियों को जो छै, छै रोज पुराना और बासी दूध पीने को दिया जा रहा है उस को सरकार बन्द नहीं कर सकती, जो दूषित घी दिया जा रहा है उसको सरकार बन्द नहीं कर सकती । सरकार यह कैंसर के अनुसंधान पर जो ३५ लाख रुपये से भी अधिक खर्च कर रही है, तो कैंसर के उन अनुसंधान-कर्त्ताओं से यह पूछा जाये कि आखिर उनका यह अनुसंधान कब तक चलता रहेगा ? आज हर बात के लिए हम लोग विलायत वालों का मुंह ताकते हैं और उनके मुहताज होकर बैठ गये हैं । एक समय वह भी था जब इस देश के लिए कहा जाता था :—

"एतद्देश प्रसूतस्य सकाशादग्र जन्मनः
स्वं स्वं चरित्रं शिक्षेरन् पृथिव्यां सर्वमानवाः ।"

[श्री यशपाल सिंह]

इस देश के लिए कहा तो यह जाता था कि सारा संसार आकर इस देश से शिक्षा, दीक्षा ग्रहण करता था । लेकिन आज हालत यह है कि एक मामूली से इंजैक्शन के लिए हम विलायत वालों के आगे हाथ पसारते हैं । आज कैंसर के मामले में हम लोग सैल्फ़ सफिशिएंट नहीं हो सके हैं । दूसरे देशों को हमारा करोड़ों रुपया बहता चला जा रहा है और हम आज भी यह ख्याल नहीं करते कि उस रुपये को रोक कर सदाचार भी क़ायम किया जा सकता है और बच्चों के अन्दर ब्रह्मचर्य की ट्रेनिंग भी दी जा सकती है । हमारी प्राचीन गुरुकुल शिक्षा में जो ब्रह्मचर्य की ट्रेनिंग थी उसमें कभी बीमार होने की नौबत ही बच्चों को नहीं आती थी । सरकार के लिए यह कोई शोभा की बात नहीं है कि देश में दिनोंदिन अस्पताल बढ़ते जा रहे है, दवाइयां बढ़ती जा रही है, और इंजैक्शंस बढ़ते जा रहे हैं बल्कि सरकार के लिए प्रसन्नता की बात तो तब होगी और बहुत तारीफ़ की बात तो तब होगी जब सरकार यह कहे कि देश के लोगों का स्वास्थ्य इतना सुन्दर हो गया है कि किसी अस्पताल की जरूरत ही नहीं है, किसी इंजैक्शन की जरूरत ही नहीं है । अस्पतालों की संख्या बढ़ाने का मतलब तो यह है कि देश में मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है । इंजैक्शनों और दवाइयों की तादाद बढ़ने का मतलब यह है कि देश के अन्दर रोग बढ़ते जा रहे हैं और लोगों का स्वास्थ्य गिरता जा रहा है ।

**13 hrs.**

अगर सरकार चाहती है कि देशवासियों का स्वास्थ्य समुन्नत हो तो महात्मा गांधी के चरणों पर चलते हुए और उनके दिखलाये हुए मार्ग का अनुसरण करते हुए आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति को अपनाया जाय और उसे तभी संभव आवश्यक प्रोत्साहन सरकार द्वारा प्रदान किये जायें । इसी के साथ साथ जो हमारा नैचुरोपैथी का सिस्टम है, प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति है उस को भी जीवित किया जाये सरकार होमियोपैथी और तिब्ब को प्रोत्साहन देने के लिए, यूनानी के जो हमारे तबीब बैठे हुए हैं, उन का उत्साहवर्धन करने के लिए, रुपया खर्च करे और ऐलोपैथी के पीछे अन्धे हो कर करोड़ों रुपये बरबाद न करे ।

**Shrimati Akkamma Devi** (Nilgiris): I thank you for this opportunity.

There is a saying in regard to health that prevention is better than cure. This golden saying should be always borne in mind when the various schemes under the Health Ministry are launched and implemented.

We have to fight against infectious diseases and those arising out of malnutrition and unhygienic living conditions. We have to plan the family, we have to render medical and professional education to turn out qualified doctors to work in hospitals and welfare centres in different parts of the country. We have to render medical service and medical relief to the deserving. As such, the Budget estimates for the year 1964-65, I am sure, will receive the full support of the hon. House.

We have to appreciate the good progress made in eradicating certain diseases like small pox and malaria. Steps have been taken to control certain diseases like cholera, typhoid, filaria, plague etc., but I am very sorry to say that the results in connection with certain diseases like cancer, leprosy and tuberculosis are not satisfactory.

Here, I would like to make a few humble suggestions with reference to tuberculosis. Tuberculosis is not only the costliest of diseases; it takes the longest period to be cured. We are unable to cure patients who have been suffering from TB for a pretty long time. Even if we have TB clinics in

every district, isolation hospitals in every district and TB sanatoria at the State level, it is not possible to give treatment to the millions suffering from TB in our country. Therefore, my humble suggestion to the hon. Minister is that domiciliary treatment should be started on an intensive scale, starting from the villages. Apart from this, private hospitals started by philanthropists should be encouraged and helped by the Government financially. If this noble example is followed by other philanthropists in our country, I am sure this disease will be rooted out from our soil.

Last week I had the opportunity of visiting the TB hospital at Brindavan. They have 375 beds there, with domicilary treatmtnt for 400 patients. Side by side, they have laid the foundation stone for a TB clinic. If such hospitals are established in the different parts of the country, I am sure there will be a good remedy for this disease.

Here, I would like to bring to the notice of our Minister that kindness and the spirit of selfless service existing in private hospitals are absent in Government hospitals. We know that kindness and affection cure half the disease. Therefore, I request the Minister to see that this spirit of selfless service and kindness are instilled into the staff in all our hospitals.

After-care homes are essential for TB patients who have undergone the course of treatment. After the cure of this disease, patients become very weak and are unable to take up work which needs physical strength, but most of them are the breadwinners of the family and they have to earn for the family. Therefore, I request the Minister to see that after-care homes are started at the district level and at the State level, so that these patients not only get nutritious diet, but are also given training in small industries and enabled to start production units, and thus support their families.

Beds should be increased in these hospitals, and patients should not be made to wait for years. Patients can wait, but the germs will not wait; they go on as rapidly as possible in eating the human system.

Speaking of research institutes, I would like to say a few words about the famous Pasteur Institute of South India at Coonoor. This Institute makes research and produces anti-rabies serum, which is used in the treatment of rabies. Generally, when a person is attacked by rabies, there is no treatment at all, no cure at all, the only end is death. Therefore, prevention is most important in this particular disease. The famous Institute, founded after tht famous Louis Pasteur, caters to the needs of the whole country.

In this Institute, from the Director to the Assistant, they work as a team, and we find the spirit of co-operation, about which we speak so often. A sum of Rs. 2,06,900 has been sanctioned as a recurring grant for research and production of anti-rabies serum and also studies in influenza, respiratory and intestinal viruses. This Institute has also been entrusted with the production of polio vaccine. New laboratories have been constructed at a cost of Rs. 11,35,370. This is really a magnificent achievement by the Institute, rendering useful service to the people of our country.

So, my humble suggestion is that not only should we appreciate the services of this Institute, we must encourage such institutes by increasing the recuring grants sanctioned to them, so that the doctors and assistants are paid handsome salaries, and their families might be provided with welfare amenities, so that doctors who devote all their time and their life to research may go ahead, without worries, with their ambitious research schemes.

[Shrimati Akkamma Devi]

I will pass on to the primary health centres and family planning centres started on a countrywide basis to improve the general health of the rural people. Primary health centres, maternity and child welfare centres and family planning go together. These constitute one group of activities. By separating them, we cannot achieve the desired results. All these three activities go to make for the welfare of the family. Therefore, whether these activities come under Public Health or Medical Service, these three should go together.

Another suggestion is that when doctors pass out of the college, they should not be straightaway posted in these primary health centres. No doubt, they are qualified, they are efficient, but since they are young, the villagers have no confidence in them. They say: how can these young doctors help us. They lose faith. Therefore, my suggestion is that these doctors should be posted in hospitals under the guidance of experienced doctors for a year or two, and then posted to primary health centres, when they will achieve very good results.

Again, in these primary health centres, for family planning work, young inexperienced people are appointed, with the result that the villagers lose confidence in them.

Family planning posters, Children's day posters, pamphlets on the growth of population, pamphlets on "Family Planning: how and why" have been made available in all the thirteen languages, but propaganda and publicity are still inadequate. Propaganda is not at all satisfactory. It is not enough that the publicity material is distributed among the urban population. Only if this reaches the interior of the village, we will achieve results. Visual aids with the help of publicity material will bring in very good results. Experienced and elderly people will contribute much to the implementation of our programme. Here again I say that women workers do better than the work done by men. Let there be competition at the district level and at State level and let prizes be distributed so that there may be healthy rivalry in implementation of our family planning programme successfully.

Government gives cent per cent assistance to voluntary organisations and local bodies and 75 per cent to the States. Let us not make this distinction and let the States also get cent per cent help in their expenditure so that for want of matching contribution, they will not stand in the way of implementation of the family planning programme. Urban population grasp the matter quickly; so urban areas and rural areas cannot be treated on a par. Urban population take to treatment more easily. So, we have to concentrate on the rural population and spend more for them.

Lastly, I will now come to the question of admission to medical colleges. Year in and year out we have seen the rush to secure admission to medical colleges. The demand is increasing every year. More medical colleges should started in the Third Plan. Every district should get a quota, based on the size of the district but on population. Certain quota should also be fixed, apart from the quota allotted for Scheduled Castes and Tribes, for the girls and preference should be given to girls from backward communities. With these words, I support the demands of this Ministry.

**Dr. P. Mandal** (Vishnupur): At the outset I congratulate both our Health Ministers.

**Mr. Deputy-Speaker:** I would request the Members from the Congress side not to take more than ten minutes so that more Members can have their chance.

**Dr. P. Mandal:** This is the first time that medical persons take charge of the Ministry of Health. Both of them are efficient and able medical persons and social workers. Health is national wealth. To build up national wealth, budget provision is required according to the primary need. But the present budget provision is disappointing and inadequate to meet the demands and build up health which is the primary need of the nation. Good health brings fortune to the nation. So, I suggest that our able Health Minister should utilise the funds in such efficient and economic ways that she may meet the longstanding demands of the people with this shortfall in budget provision.

Medical men render an essential service to the nation. They are as important as technical men. To remove disparity and ensure smooth running, All India cadre of medical services should be set up as early as possible. You know, Madam, the sentimental feelings of the medical men for an All India cadre.

I shall now deal with control and eradication of major diseases. Prevention is better than cure. Eradication of Malaria is progressing satisfactorily. I have come from Bankura district of West Bengal which was badly affected by Malaria in previous years. Government used this place as penalty centre for transferring the staff. Malaria was so horrible here. At present, the younger sections do not know what is malaria. People as a whole are highly appreciative of this eradication programme and its achievement. Eradication programme achieves its momentum. But, madam, mosquitoes are still existing in innumerable number.

**Dr. Ranen Sen** (Calcutta East): There is no madam in the Chair.

**Shri C. K. Bhattacharyya** (Raiganj): It is a transferred epithet.

**Dr. P. Mandal:** They develop increased resistance to DDT. To get rid of the mosquito's nuisance you should find out other means. Otherwise, other diseases will be communicated by mosquitoes such as filaria, etc. for which also you have got control programme.

The national smallpox eradication programme is not at all running satisfactorily. People are not satisfied with its achievements. It is a regular annual occurrence in every town of West Bengal, in many villages. specially in Muslim populated areas. Many vaccinated cases have been attacked with smallpox. It is not even controlled, not to speak of eradication. Madam, you must find out the defects in the programme.... (*Interruptions.*)

**Shri Hari Vishnu Kamath** (Hoshangabad): Once is bad enough but repetition makes it worse.

**Dr. P. Mandal:** Is the defect to be found in the vaccine itself or in the process of vaccination? To achieve success I suggest that old stock vaccine should be destroyed so that there is no chance to use it. Secondly, vaccinators should be well-trained so that they may take care and see that the vaccine is allowed to dry and not washed away because that is the essential technique of successful vaccination. Only genuine and tested vaccine should be sent for vaccination. Last year and this year too there was an epidemic attack in some Muslim colonies in my district though an eradication programme is going on there. The disease is very horrible and you must pay greater attention to eradicate it.

Cholera is also a major national problem. Every year, there is an

[Dr. P .Mandal]

outbreak of Cholera in West Bengal, especially in Calcutta, Howrah and suburbs and other mofussil towns and villages are also affected. Death rate of Cholera is horrible. It has not been controlled. Mass vaccination campaign should be taken up in time. not after the outbreak of Cholera. Vaccine must be genuine and tested. On page 19 of this Ministry's report it says:

> "The World Health Organisation have further intimated that 100,000 doses of dried cholera vaccine will be made available on receipt from the USSR for mass campaign against cholera in 1963."

May I know what is the result of this? If dried vaccine is proved successful, then the Government is thinking of establishing a plant to produce dried vaccine. As you know Sir, dried vaccine is becoming more popular, genuine and of long duration

The report on page 19 says:

> "The U.S.A.I.D. has also offered to assign a Jet Gun Cholera Inoculation team which is scheduled to visit Calcutta early in 1964."

Cholera breaks out generally in an epidemic form between June and October. So, if the Ministry makes a request to the US Government to send their team before the above period, then we may get the full benefit of team. To cheack Cholera, we require a pure water supply which I shall mention when speaking about water supply in general.

At page 18 of the report, it is stated as follows:

> "In accordance with the recommendations of the Central Expert Committee on Smallpox and Cholera, the Indian Council of Medical Research has established a Cholera Research Centre in Calcutta to carry out continuous research on various aspects of the problem of Cholera with a view to developing ultimately practical measures for the control or prevention of the disease."

It is also stated as follows:

> "In collaboration with the world Health Organisation and the Indian Council of Medical Research a meeting of cholera workers was held in New Delhi on the 26-28 November, 1963."

May I know, Sir, what practical measures they have formulated in this direction?

Then I come to leprosy. Leprosy is a great menace to our country and specially to my district, Bankura in West Bengal. It is a curse to my district. The 1931 census report revealed the seriousness of the problem by declaring Bankura as the darkest spot. The Government employees, if they are transferred, try their utmost to get rid of the trouble and avoid joining there. This diseases, which is short of social calamity, should be removed. The Government is not moving actively to control this disease which makes the people disabled and disfigured, for whom our beloved Bapuji had great sympathy. So, I suggest that the honest follower of Bapuji, our Health Minister, should materialise his sacred thought to control leprosy. The Minister in charge of this subject, who is a great personality, will, I hope, pursue with honest sincerity the fulfilment of the hopes of our beloved Bapuji.

Training centres for paramedical staff should be started in West Bengal as early as possible. There must be one paramedical staff attached to every health unit. One control unit is working at Bankura district the population of which is 15 lakhs. The

report says that one control unit is meant for 1·5 lakhs. So, you may well understand the acuteness of the problem and realise that at least ten control units should work there. Then we may assess its importance and activity. The patients need extensive treatment facilities and domiciliary treatment in the villages. These control units should be mobile.

There must be sepration of children of the leper parents and they must be kept in well-organised Babyfold or Children Homes. If every child of a leprosy patient is seprated and saved from getting the infection, this will ensure control of leprosy at least from one of the sources. Any Children Homes or Babyfold should be kept under the care of District Committees.

Then I come to drug control. The report says that the main problem of the year was to keep under control the rising trend of prices particularly of certain drugs and maintain availability. It is a great regret that the Ministry does not look into the price structure of penicillin production of Pimpri factory which is a public undertaking. The gap between the cost of manufacture and the sale price is beyond imagination. It has been focussed in the PAC Report and vivid picture of it has been painted on the floor of the House by my hon. friend Shri Bhagwat Jha Azad, during the discussion of the budget. Though the medicine is of common use at present, yet it escapes the Ministry's notice. Spurious drugs are sold in the open market.

Then, family planning is not progressing well. The budget for it is not sufficient to cope with the population. A countrywide publicity for free sterilization operation for male and female should be done thoroughly, and it should be published that the operation on the males is the easiest. The males are keen about it but there is no sufficient provision. It should be provided up to the primary health centre.

I shall now refer to medical education and finish my speech. The establishment of new medical colleges and the expansion of the existing ones has been included as Centrally-aided scheme during the third Five Year Plan. Under the scheme, the financial assistance is being offered to the States as follows: For new colleges and for the expansion of the existing colleges the figures are, 75 per cent for equipment, subject to a ceiling of Rs. 22,500 per admission, and Rs. 75 lakhs for building, subject to a ceiling of Rs. 37,500 per admission. Recurring expenditure is 50 per cent. There is no break-up. So, we could not know which college gets what amount. So far as my knowledge goes, the Bankura Sammilani Medical College, though a new one, has got nothing up till now from this fund. It received an *ad hoc* grant from the scheme of financial assistance to voluntary medical institutions in 1960-61 and 1961-62. Then, the State Government took charge of this college, and since then, the college gets nothing from the Centre. There are five reserved seats for admission by the Centre. There is enough scope for expansion. It is situated on a vast open area with a campus of 200 acres. It is the only medical college in a mofussil town of West Bengal. So, I draw your attention for the grant of financial assistance to this new college. At present, the admission strength is 50. You may easily raise it up to 100 by giving financial assistance.

Thank you.

**श्री मोहन स्वरूप** (पीलीभीत) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं काफी देर से स्वास्थ्य मंत्रालय पर चर्चा सुन रहा हूं। जहां तक स्वास्थ्य का सवाल है इन्सान के लिये पांच चीजों की जरूरत है : खाना, कपड़ा, मकान, शिक्षा और स्वास्थ्य। इन में से स्वास्थ्य का स्थान सब से ऊंचा है।

[श्री मोहन स्वरूप]

अगर शरीर स्वस्थ हो तो इन्सान हर तरीके से कार्य कर सकता है । एक मसल है कि "तन्दुरुस्ती हजार न्यामत है ।" अगर सेहतमन्द इन्सान हो तो उस के वास्ते सब कुछ भला है । लेकिन स्वास्थ्य और चिकित्सा की जो स्थिति इस देश में है उससे लगता है कि हमको अभी सैकड़ों वर्ष चाहियें जिस में कि आबादी के ख्याल से हम अच्छी स्थिति पैदा कर सकें ।

इस वक्त देश में ७० हजार डाक्टर्स हैं औ आबादी के अन्दाज से ६,००० आदमियों के ऊपर एक डाक्टर पड़ता है । यहां पर ३०००० रजिस्टर्ड फार्मेसीज हैं । इंग्लैंड मे अगर देखा जाये तो छोटा सा मुल्क होते हुए भी इससे कहीं ज्यादा अच्छी हालत है । वहां पर २५,००० डाक्टर्स हैं जब कि वहां की आबादी ५ करोड़, ७५ हजार, ५५६ है । ऐसा लगता है कि अगर हम अपने यहां की स्थिति में सुधार करना चाहें तो हमें वर्षों चाहिये । यहां पर २११६ अस्पताल हैं जो कि आबादी के अनुपात से पूरी तौर से सेवा नही कर सकते हैं ।

यहां पर डाक्टरों के शिक्षण का भी सवाल है जो कि अच्छी तरह से नहीं चल रहा है । अभी हमारे यहां ६८ मेडिकल कालेजेज हैं । सन् १९५६ में ५३ कालेज थे और ३११६ ग्रेजुएट्स निकले । अब ६० कालेजज हैं जिनमें से ११ नर्सेज के लिए हैं । इस तरह से देखें तो शिक्षण के कार्य में जो प्रगति हो रही है वह बहुत धीमी है । मैं चाहता हूं कि ज्यादा मेडिकल कालेजेज की स्थापना हो और अधिक से अधिक डाक्टरों के तयार करने की तरफ तवज्जह दी जाये क्योंकि डाक्टरों के प्रशिक्षण में और नर्सेज के प्रशिक्षण में वर्षों लगते हैं । हमारे देश की आबादी दिनोदिन बढ़ती जा रही है । आज ४४ करोड़ के करीब आबादी है । अगर हम चाहते हैं कि एक हजार आदमियों के ऊपर एक डाक्टर हो तो हमको एक लाख डाक्टर चाहियें । और उसके साथ ही साथ १३ लाख २० हजार नरसेज वगैरह हैं । इस तरह से जो स्थिति है उसमें सुधार होना चाहिये और ज्यादा परिवर्तन होना चाहिए ।

इसी के साथ मेरा एक सुझाव है कि जिस तरह से रेलवे की और पोस्ट एंड टेलीग्राफ की आल इंडिया सरविस है उसी तरह आल इंडिया मेडीकल सरविस बनायी जाए । आज स्थिति यह है कि स्वास्थ्य की जिम्मेवारी राज्यों पर डाल दी गयी है, जो केन्द्रीय मंत्रालय है वह थोड़ा सा देखभाल का काम करता है । मैं चाहता हूं कि दो सरविसेज बनायी जायें और इस विभाग को तीन हिस्सों में बांटा जाए । एक स्वास्थ्य सेवा हो जिस को आई० एच० एस० कहा जाए, और दूसरा चिकित्सा विभाग हो जिसको इंडियन मैडीकल सरविस कहा जाए । मैं चाहता हूं कि पशुओं की चिकित्सा को भी इसी विभाग के अन्तर्गत लाया जाए । पशुओं को इस वक्त खाद्य मंत्रालय के अन्तर्गत रखा गया है जो मुनासिब नहीं है, पशु मूक होते हैं और उनके इलाज की व्यवस्था अच्छी नहीं चल रही है । अगर पशु चिकित्सा को भी इसी मंत्रालय के अन्तर्गत लाया जाए तो अच्छा होगा ।

इसी के साथ साथ मैं चाहता हूं कि सारे देश के लिए एक यूनीफार्म पालिसी बने । आज जो भी पालिसी बनती है वह राज्यवार बनती है । अगर यूनीफार्म पालिसी हो तो इस काम को अच्छे ढंग से चलाया जा सकता है और मैं समझता हूं कि उस हालत में स्वास्थ्य के कार्य में भी प्रगति हो सकती है ।

इसी के साथ साथ हैल्थ एजुकेशन पर भी ज्यादा जोर दिया जाना चाहिए । इस

सिलसिले में एक कोटेशन पढ़ देना चाहता हूं । वह इस प्रकार है :

"Health education fills the gap between the provision of services and the maximum utilisation of the same by the people. The main tenet of health education is to enable the people to improve their health by their own actions and efforts."

मैं देखता हूं कि सरकार का ध्यान हैल्थ एजकेशन की ओर ज्यादा नहीं है । लोग बहुत कम जानते हैं कि स्वास्थ्य क्या चीज है । १९५६ में एक हैल्थ ब्यरो बनाया गया । लेकिन अभी तक उसके अन्तर्गत आठ राज्यों में ब्यरो खुले हैं और बाकी में नहीं खोले जा सके हैं । मैं चाहता हूं कि दूसरे राज्यों में भी ये ब्यरो खोले जाएं ताकि स्वाथ्य की ओर लोगों का ध्यान जाए ।

इसके साथ साथ मैं आपका ध्यान न्युट्रीशन की ओर भी दिलाना चाहता हूं । पिछले साल भी मैंने इस ओर आपका ध्यान दिलाया था । हमारे यहां पौष्टिक आहार की कमी है । एक व्यक्ति को रोजाना २४०० से ३००० कलोरी का भोजन मिलना चाहिए लेकिन हमारे यहां केवल १७५० कलोरी ही मिल रहा है । इस कारण लोगों का स्वास्थ्य बिगड़ता जा रहा है और उनको तरह तरह की बीमारियों हो रही हैं खास तौर से बच्चो को और नौजवानों को । कुछ बीमारियों के नाम इस प्रकार हैं :

angular stomatitis, glossitis, keratalomalacia, burning feet, syndrome, phrynoderma and nutritional oedema

इसी के साथ साथ अन्धापन भी बढ़ता जा रहा है क्योंकि पोषक आहार नहीं मिलता । खास कर बच्चों में यह रोग बहुत घर करता जा रहा है । तो मैं चाहता हूं कि पौष्टिक आहार की ओर सरकार का ध्यान जाना चाहिए । अगर इस तरफ ध्यान न दिया गया तो स्वास्थ्य की बात करना और स्वास्थ्य के सुधार की चर्चा करना बेकार सी बात होगी । जब तक शरीर के लिए उपयुक्त मात्रा में खाना नहीं मिलता तब तक स्वास्थ्य सुधार की बात करना बेकार है ।

अब मैं अस्पतालों के मुताल्लिक भी कुछ कहना चाहता हूं । अस्पतालों की हालत बहुत खराब है । अभी बिलिंगडन अस्पताल के कर्मचारियों ने एक मैमोरेंडम पेश किया था । वह सरकार के पास आया होगा । तिब्बिया कालिज की भी कुछ शिकायतें हैं । बहुत सी शिकायतें आए दिन अस्पतालों के छोटे अर्मचारियों की आती रहती हैं । इस तरफ सरकार का ध्यान जाना चाहिए क्योंकि छोटे कर्मचारियों पर ही, जो कि इस विभाग की रीढ़ की हड्डी की तरह हैं, जैसे नर्सेज और क्लास ४ कर्मचारी, अस्पताल चलते हैं । अगर वे परेशान होंगे और उनकी कार्य क्षमता घटेगी तो अस्पतालों का काम चलना मुश्किल है ।

इसी के साथ साथ मैं थोड़ा सा इंस्टीटयूट आफ मैडीकल साइंस के मुताल्लिक भी कहना चाहता हूं । एक मैमोरेंडम सरकार को भी दिया गया है । उसमें बताया गया है कि वहां करप्शन और भ्रष्टाचार बढ़ता जा रहा है । उसमें बताया गया है कि ६ हैड क्लर्क वहां पकड़े गए हैं रिश्वत लेने के सिलसिले में और उनके खिलाफ जांच हो रही है । कुछ डाक्टर वहां ऐसे हैं जो आठ आठ वर्ष से चल रहे हैं । उनको हटाया नहीं जाता है । वहां पर एक मिस्टर एन० बी० चटर्जी है जो तीन हजार रुपया मासिक तनख्वाह लेते हैं, और डपुटेशन पर हैं आठ दस साल से । कहा जाता है कि पांच वर्ष से ज्यादा समय तक किसी को डपुटेशन पर नहीं रखा जाना चाहिए, लेकिन वह वहां चल रहे हैं और वही एडमिनिस्ट्रेटिव आफिसर हैं । वहां के सारे भ्रष्टाचार की जड़ वह है । मैं चाहता हूं कि इसके मुताल्लिक जांच की जाए और जो सारी गड़बड़ी चल रही है उसको दूर किया

[श्री मोहन स्वरूप]

जाए । इसके मुताल्लिक पार्लियामेंट में एक सवाल किया गया था जिसके जवाब में कहा गया था :

Loss of surgical instruments of Rs. 25,000 in the main operation theatre of the Institute Hospital.

Loss and misappropriation of medicine in the Hospital Medical Store of about Rs. 8,000.

Loss and misappropriation of stores and money in the Department of Biochemistry.

Loss of linen articles of Rs. 3,000 in the main operation theatre of the Institute Hospital.

इस तरह की चीजें हैं । मैं चाहता हूं कि मंत्री महोदय इस सिलसिले में उत्तर दें और यहां जो यह सारा गड़बड़ घोटाला हो रहा है इसको दूर करने के लिए उचित कार्यवाई करें ।

कुछ थोड़ा सा फैमिली प्लानिंग के बारे में कहना चाहता हूं । इसकी भी चर्चा यहां अक्सर होती है । इस सिलसिले में मैं यह जरूर कह दूं कि देश की आबादी जरूर बढ़ती जा रही है । पहले इसके बढ़ने की रफ्तार १.८ परसेंट थी जो कि अब बढ़ कर २.५ परसेंट हो गयी है, और इस तरह हर साल १ करोड़ १५ लाख आदमी बढ़ जाते हैं । अगर बढ़ने का यही सिलसिला रहा तो १७ साल में यहां की आबादी ७२ करोड़ हो जाएगी । ६ : चीज को मैं मानता हूं, लेकिन जो कदम उठाए जा रहे हैं मैं समझता हूं कि वह कुछ उपयुक्त नहीं हैं । पहले प्लान में इस काम के लिए ६५ लाख रुपया खर्च किया गया, दूसरे प्लान में ५ करोड़ रुपया खर्च किया गया और तीसरे प्लान में २७ करोड़ रुपया इस काम के लिए रखा गया है । पहले दो प्लानों में जो रुपया एलोकेट किया गया था उसमें से आधी रकम खर्च नहीं हुई और वापस कर दी गयी । तीसरे प्लान में २७ करोड़ रुपया रखा गया है लेकिन तीन वर्ष में इस में से केवल ६ करोड़ रुपया खर्च हुआ है । मैं समझता हूं कि इस दिशा में सरकार का प्रयत्न सफल नहीं रहा है । इस संबंध में मैं कुछ सुझाव देना चाहता था । पहली बात तो क्लिनिक्स खोलने की बात है । मेरा अनुभव है कि स्टरलाइजेशन का तरीका उपयुक्त नहीं रहा है । अक्सर देखा गया कि स्टरलाइजेशन से औरतें मर गयीं और एक मुसीबत पैदा हो गयी । मैं समझता हूं कि वर्थ कंट्रोल के लिए इससे बहुत मदद मिल सकती है अगर शादी की उम्र लड़की की १८ साल कर दी जाए । १८ वर्ष की लड़की की शादी होगी तो बीस वर्ष की उम्र में उसको बच्चा होगा । मेरा सुझाव है कि लड़कियों की उम्र १३, १४ या १५ से बढ़ा कर १८ कर दी जाए ।

**एक माननीय सदस्य** : और लड़के की ।

**श्री मोहन स्वरूप** : लड़के की २२ या २५ साल कर दी जाए । मैं समझता हूं कि इससे कुछ रुकावट पैदा होगी । फैमिली प्लानिंग करने से आज जो तेजी से आबादी बढ़ रही है उसमें कुछ कमी हो सकेगी ।

इसी के साथ साथ मैं यह अर्ज कर दूं कि इस देश में कुछ लोग तो हैं जोकि इस फैमिली प्लानिंग का पालन करते हैं और स्टरलाइजेशन आदि करवाते हैं लेकिन देश में बहुत से लोग ऐसे भी हैं जोकि परिवार नियोजन में विश्वास नहीं रखते हैं और जोकि दो, तीन बीवियां रखते हैं । मैं तो चाहता हूं कि पूरे देश में इसका इम्प्लीमेंटेशन हो । यह नहीं कि कुछ सैक्शन और स्थानों में हो और कुछ में न हो । अगर सब जगह एक सा इस बारे में अमल नहीं होता है तो यह चीज कुछ समझ में नहीं आती है और आज जो

फैमिली प्लानिंग का ढंग है उससे कुछ विशेष फायदा होने वाला नहीं है ।

अभी हमारे श्री यशपाल सिंह ने आयुर्वेद के बारे में जिक्र किया । अभी १७, १८ और १९ अक्तूबर को महाबलेश्वर में एक कान्फ्रेन्स हुई थी उसमें सरकार की तरफ़ से यह कहा गया कि शुद्ध प्रणाली अपनाई जाय । मैं नहीं समझता कि शुद्ध प्रणाली का मतलब क्या है ? हमारे प्राइम मिनिस्टर साहब ने एक वाक्य कहा था :—

"I doubt if ancient system should be cut off from modern medical science." He said: "The old and new should go together to give the best to the Indian people."

मेरा भी यही ख्याल है कि पुरानी प्रणाली और नई प्रणाली दोनों के मिश्रण से ही इस देश का कुछ भला हो सकता है । उस पुरानी प्रणाली के अन्तर्गत २५००० से ज्यादा डाक्टर्स जो कार्य करते हैं और जो इससे लाभान्वित होते थे इस सिस्टम से, जब यह सिस्टम ख़त्म कर दिया जायगा तो मैं समझता हूं कि बड़ी परेशानी बढ़ रही है और दिनोदिन काम में रुकावट हो रही है ।

मैं कुछ होम्योपथी के बारे में भी तजकिरा करना चाहता हूं । चिकित्सा की यह एक अच्छी और सस्ती प्रणाली है । इस समय इस देश में करीब करीब ४ लाख होम्योपैथिक डाक्टर्स हैं और ८ करोड़ मरीजों का वे इलाज करते हैं । मैं समझता हूं कि इस तरफ़ भी सरकार का ध्यान जाना चाहिए और इस सस्ती प्रणाली को भी प्रोत्साहन मिलना चाहिए ।

कुछ वाटर सप्लाई के मुताल्लिक भी मैं जिक्र करना चाहता हूं । घंटी बज गयी है और हालांकि कहने को तो मेरे पास अभी बहुत कुछ था लेकिन समय नहीं रहा है इसलिए मैं बहुत संक्षेप में कह कर अपनी बात ख़त्म करूंगा । पानी की सप्लाई की पोज़ीशन बहुत ख़राब है । आज भी देश में ऐसे लाखों गांव हैं जहां कि पानी का प्रबंध नहीं है । ५ लाख ५८ हजार गांवों में से लाखों गांव ऐसे हैं जिनमें कि पीने के पानी की कोई व्यवस्था नहीं है । वे ज्यादातर, पुराने तालाबों, गड्ढों, कुओं या नालों से पानी पीते हैं । मैं चाहता हूं कि सरकार इस समस्या की ओर ध्यान दे । दिल्ली, कलकत्ते और बम्बई जैसे बड़े शहरों में सरकार म्युनिसपल्टियों द्वारा करोड़ों रुपये खर्च कर रही है । मैं नहीं समझता कि आखिर गांवों के लोगों ने क्या कसूर किया है, क्या ख़ता की है कि तीन पंचवर्षीय योजनाएं गुजर जाने के बाद भी वहां उनके लिए पानी मयस्सर नहीं होता ।

हरिजनों और आदिवासियों के लिए यह कह तो दिया जाता है कि उनको सुविधाएं देने के लिए यह हो रहा है और वह हो रहा है लेकिन वास्तविक रूप में उनको कोई सहायता नहीं मिल रही है । अब भी दक्षिण में बहुत ऐसे स्थान हैं जहां कि हरिजन लोगों को कुओं आदि से पानी पीने नहीं दिया जाता है और वह बेचारे इंतजार में वहां खड़े रहते हैं कि कोई स्वर्ण हिन्दू वहां आये और उन को पानी दे । अगर आज के युग में इस तरह की स्थिति चलने दी जाती है तो मैं समझता हूं कि प्रजातंत्र का कोई अर्थ नहीं रह जाता है । इसलिए मैं आग्रह करूंगा कि लोगों को पीने का पानी सप्लाई करने की ओर सरकार को ध्यान देना चाहिए और लाखों ग्रामीणों को यह सुविधा मिलनी चाहिए ।

**उपाध्यक्ष महोदय** : माननीय सदस्य का समय समाप्त हो गया है ।

**Shri Hari Vishnu Kamath:** He is making a useful contribution.

और वह मेरे दल का एक मात्र वक्ता है ।

**उपाध्यक्ष महोदय** : अच्छा बस दो मिनट और ले लीजिये ।

**श्री मोहन स्वरूप** : अभी एक रिपोर्ट तम्बाकू के सिलसिले में अमरीका की तरफ़ से शाया हुई है जिसकी कि बहुत कुछ चर्चा भी हो रही है । तम्बाकू से कहा जाता है कि कैंसर होता है और बहुत से मर्ज बढ़ते जा रहे हैं । मैं चाहता हूं कि सरकार इस ओर ध्यान दे । सब से पहले तो मैं यह चाहता हूं कि डाक्टर्स उस पर अमल करें क्योंकि मैं देखता हूं कि १०० में से ९० डाक्टर्स धूम्रपान करते हैं, तम्बाकू पीते हैं । जब डाक्टर्स ही स्वयं तम्बाकू पीते हों तो मरीजों पर उसे क्या असर पड़ सकता है इनका सहज में ही अनुमान लगाया जा सकता है । यह जो तम्बाकू से कैंसर होने वाली रिपोर्ट है यह बड़ी चिन्ताजनक है । इससे शुबहा और अंदेशा पैदा हो रहा है कि यह तम्बाकू बहुत से मर्जों की जड़ है । मैं चाहता हूं कि इस तरफ़ सरकार ध्यान दे और इस रिपोर्ट को इम्प्लीमेंट करने की तरफ तवज्जह दे ।

**श्री बड़े** : बच्चे सिग्रेट, बीड़ी पीते हैं उसको सरकार को कड़े कदम उठा कर रोकना चाहिए ।

**श्री मोहन स्वरूप** : जैसा कि अभी श्री बड़े ने कहा बच्चों में यह सिग्रेट बीड़ी, आदि पीने की आदत बढ़ती ही जा रही है । छोटी सी उम्र में ही ये लोग सिग्रेट बीड़ी आदि पीना शुरू कर देते हैं और आपस में होड़ लगाते हैं कि देखें कौन ज्यादा लम्बा कश लगाता है और इस तरह वे उसके आदी बन जाते हैं । मैं चाहता हूं कि सरकार को धूम्रपान के लिए कोई एक व्यापक कानून बनाना चाहिए और खास तौर से बच्चों की रोक थाम के लिए कोई सक्रिय कदम उठाना चाहिए ।

बम्बई में कैंसर का जो इन्स्टीच्यूट है वह एटैमिक इनर्जी कमिशन के अन्तर्गत है । मैं जानना चाहता हूं कि ऐसा क्यों है ? अब कैंसर तो स्वास्थ्य से संबंध रखता है और इसलिए वह इंस्टीटयूशन तो ऐटैमिक इनर्जी विभाग के अन्तर्गत न रख कर उसे तो स्वास्थ्य मंत्रालय के अन्तर्गत लाना चाहिए । . .

**उपाध्यक्ष महोदय** : माननीय सदस्य अब तो खत्म कर ही दें ।

**श्री मोहन स्वरूप** : अभी कहना तो और भी था। लेकिन चूंकि घंटी कई बार बज चुकी है और अभी भी घंटी बज रही है और मुझ से बैठ जाने के लिए कहा जा रहा है इसलिए मैं और अधिक न कहते हुए अपनी जगह लेता हूं ।

**Dr. S. K. Saha** (Birbhum): Mr. Deputy Speaker, Sir, I support the Demands presented by the Health Minister, and in supporting the Demands I congratulate the Government for making the medical services All-India services.

Health is the most valuable asset of our nation and it is the fundation upon which everything including defence, development, agriculture, education and other things are to be built up. But I am sorry to say, Sir, that the health standards of India are not what they should be. This is due to the fact that the Plan provisions for health have gone down relatively from the First Five Year Plan where it was 5.9 per cent of the total outlay to 5 per cent in the Second Five Year Plan and 4.25 per cent in the Third Five Year Plan. In this emergency period it has been reduced by 27 per cent. The *per capita* expenditure on health is 1.47 naye paise on average. This is not sufficient. This is inadequate. Moreover, this amount is not evenly distributed all over the country. In U.P. it is 85 nP. which is the lowest and in West Bengal it is Rs. 3.25 nP. which is the highest.

Prevention of diseases, treatment of the sick and promotion of good health are the main problems before the Health Ministry. Prevention is better than cure; so, our Health Ministry has taken steps to prevent the following

diseases, namely, small-pox, malaria, leprosy etc. It is interesting to note that the percentage of malaria to other diseases has come down from 10.8 in 1953-54 to 0.4 in 1962-63.

But another dangerous disease, namely, tuberculosis, is spreading rapidly in spite of preventive measures taken to control it due to malnutrition and unhealthy surroundings. Formerly it was confined to large industrial towns and urban area but now it is spreading rapidly in the villages. About six million people are suffering from this disease, but the number of beds is very much less in comparison to the number of people suffering from this disease.

It is interesting to note that the Health Ministry has provided domicillary treatment for the patients suffering in the rural areas. But there is one drawback in this domicillary treatment. The patient from the rural area has to go to the district clinic which is the only one to establish the diagnosis by means of an x-ray. The poor patient from the rural area cannot afford to go to the district health clinic for examination. I, therefore, suggest that mobile x-ray unit should be provided in each district clinic so that it may go to each primary health centre to detect and treat the cases. If that is not possible, alternatively I suggest that a microscope be provided to every primary health centre for examining the sputum of the patient.

Leprosy is also increasing rapidly and 5 million people are suffering from this. Isolation and domicillary treatment is the remedy to control this disease. In Japan this disease was controlled by means of isolation and domicillary treatment.

Water supply for the rural areas is not sufficient. 75 per cent of the people live in the rural area. It is estimated that a sum of Rs. 300 crores will be spent for rural water supply, but in the Third Plan a sum of Rs. 67 crores only has been allotted for this purpose. About 40 per cent of this allotment has been spent up to 1963-64. This sum is divided among four ministries, namely, the Ministries of Health, Planning, Home Affairs and Community Development. I am glad to say that a high-power water board has been formed recently to have co-ordination among these ministries. There are many places in the rural area which are not supplied with pure water and every year 2 to 3 million people die of waterborne diseases, namely, cholera, typhoid, diarrhoea etc.

The Health Committee suggested one doctor for 3,000 people but we have got one doctor for 6,000 people. In spite of the number of medical colleges increasing from 57 at the end of the Second Plan to 79 in 1963-64 with an admission capacity of 10,097, there is scarcity in our country so far as medical men are concerned. Most of the doctors are not inclined to go to the villages because they do not get their requirements there. So, I request the Health Ministry to solve the problems as well as improve the service conditions of doctors for going to the villages.

**श्रीमती कमला चौधरी** (हापुड़) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं स्वास्थ्य मंत्रालय की मांगों का समर्थन करती हूं और मंत्रिणी महोदया को धन्यवाद देती हूं ।

आज प्रात : काल समाचार पत्र से यह सूचना मिली कि सफदरजंग और विलिंगडन हास्पिटल्ज़ को उन्होंने शिक्षण-संस्थायें घोषित कर दिया है । इस के लिये मैं उन्हें बधाई देती हूं ।

स्वास्थ्य मंत्रालय का वार्षिक प्रतिवेदन देखने से स्पष्ट है कि जन-स्वास्थ्य की रक्षा हेतु इस मंत्रालय के द्वारा अनेक उपयोगी योजनायें चल रही हैं, जिन में अनेकों मेडिकल कालेज, अस्पताल, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम परिवार नियोजन, ग्रामों में सफाई और जल व्यवस्था आदि सम्मिलित हैं ।

[श्रीमती कमला चौधरी]

मेडिकल कालेजों की देश में अधिक मांग है। उस को देखते हुए इस वर्ष मेडिकल कालेजों की क्षमता बढ़ा दी गई हैं, जिस के अनुसार प्रत्येक कालेज में २०० उम्मीदवार प्रति-वर्ष दाखला पा सकते हैं। मेडिकल कालेजों की संख्या भी बढ़ा कर ७१ से ७६ हो गई है इस वर्ष आठ नये कालेज खोले गये हैं। पिछले वर्ष इन कालेजों में एम० बी० बी० एस० में प्रवेश पाने वाले छात्रों की कुल संख्या ७,६७६ थी, जो कि बढ़ कर १०,६६७ हो गई हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के द्वारा जो ये कदम उठाए गए हैं, वे प्रशंसनीय हैं। इस के साथ ही कालेजों में सीटें भी बढ़ ई गई हैं तथा अन्य सुविधाओं के विस्तार के लिये राज्य सरकारों को वित्तीय सहायता भी बराबर दी जा रही है।

मेरा निवेदन है—मंत्रिणी महोदया शायद मुझ से सहमत होंगी—कि देश में एम० बी० बी०एस० की शिक्षा देने वाले कालेज बहुत हैं। अब हम को अधिक ऊंचे स्तर की शिक्षा की तरफ, पोस्ट-ग्रेजुएट कालेजों की स्थापना की ओर अधिक ध्यान देना चाहिये, क्योंकि हमारा देश शल्य चिकित्सा में अन्य देशों से अभी पिछड़ा हुआ है। स्वास्थ्य विज्ञान के जितने भी ऐसे विषय हैं, जिन में अभी अनुसंधान करने की जरूरत है, उन की तरफ उन का ध्यान जाना चाहिये और अधिक ऊंचे स्तर की शिक्षा को बढ़ाना चाहिये। हमारे देश के भावी डाक्टर बहुत दिनों तक विदेशों की शिक्षा पर निर्भर रहें, यह हमारे देश के लिये कुछ शोभनीय बात नहीं है। मैं आग्रह करूंगी कि स्वास्थ्य विज्ञान के सभी विषयों के अनुसंधान कार्य यथा शक्ति शीघ्र से शीघ्र यहीं प्रारम्भ करने की चेष्टा की जाय।

**14 hrs.**

मेडीकल कालेजों के अध्यापकों के पदों को आकर्षक बनाने के लिये उनके वेतनों में कुछ वृद्धि होनी चाहिये। यदि हो सके तो इन स्थानों पर प्रोपोज्ड अखिल भारतीय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा के लोगों को नियुक्त किया जाना चाहिए।

स्वास्थ्य सेवा के गठन के बारे में मैं निवेदन करना चाहती हूं कि जो अधिसूचना जारी की गई थी शीघ्र ही कार्यरूप में परिणत करना चाहिये। इस सेवा के बन जाने से कर्मचारियों को काफी लाभ होगा तथा उन्हें विभिन्न प्रकार के अनुभव प्राप्त करने के अवसर मिलेंगे। इस दिशा में अगले कदम शीघ्र ही उठाये जायें ताकि भारतीय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा का निर्माण हो सके।

देश में इस समय काफी संख्या में उच्च शिक्षा प्राप्त डाक्टरों की आवश्यकता है। हर वर्ष जो डाक्टर अपना कोर्स समाप्त करके निकलते हैं उन में से अधिकांश देखा जाता हैं, सरकारी नौकरी करना पसन्द नहीं करते हैं, प्राइवेट प्रेक्टिस करना पसन्द करते हैं। इसका कारण मेरे विचार में यह है कि सरकार उन्हें वेतन कम देती है। इस ओर भी आपका ध्यान जाना चाहिये। अगर वेतनों में वृद्धि करनी है तो यह स्पष्ट है कि स्वास्थ्य मंत्रालय को जो धन मिलता है, वह कम है, इस लिये उसको बढ़ाया जाय। मैं सरकार से निवेदन करना चाहती हूं कि स्वास्थ्य का विषय एक साधारण विषय नहीं है, इसका सम्बध विशाल जनसंख्या से, जन जन से है, गांव गांव में हमें स्वास्थ्य सेवा को पहुंचाना है और इसके लिये बहुत बड़ी धन राशि की की जरूरत है, इस लिये स्वास्थ्य मंत्रालय को अधिक धन दिया जाय। मैं चाहती हूं कि इस बजट में वित्त मंत्री महोदय इस पर विचार करके अधिक धन देने की व्यवस्था करें।

भारतीय चिकित्सा परिषद की सिफारिश के अनुसार दीर्घावकाश और छुट्टियों में कमी करके मंत्री महोदया ने एम०बी० बी०एस० के कोर्स में ६ महीने की जो कमी

की है, मैं उसकी प्रशंसा करती हूं। मेरे विचार में समय को देखते हुए वह एक उपयोगी कदम है। कोर्स समाप्त करने के बाद गृहचिकित्सक रहने की एक वर्ष की अवधि थोड़ी है, वह मुझे कम प्रतीत होती है। मेरे विचार में इस समय चिकित्सा के क्षेत्र में गावों पर ध्यान देने की आवश्यकता है। अनेक प्रांतो में तो चिकित्सालयों पर महीनों तक चिकित्सक तैनात नहीं हो पाते, वे चिकित्सालय खाली पड़े रहते हैं। इसका एक कारण मुझे यह भी लगता है कि हमारे युवक शिक्षित हो कर जब डाक्टर बन कर निकलते हैं, उन में सेवा भाव का अभाव होता है और वे शहरों में ही रहना पसन्द करते हैं, ग्रामीणों के बीच में जा कर रहना पसन्द नहीं करते हैं। अगर माननीय मंत्री महोदया सहमत हों मुझ से तो शिक्षा पद्धति में वह कुछ इस प्रकार का परिवर्तन करें जिससे हमारे नवयुवक जो डाक्टर बन कर निकलते हैं, उन में सेवा की भावना जागृत हो।

डाक्टरों की शिक्षा पर जनता एवं सरकार बहुत बड़ी धनराशि खच करती है। इतनी बड़ी धनराशि खच करने के बावजूद अगर हमारे डाक्टरों में यही भावना व्याप्त रहे कि वे शहरों तक ही सीमित रहना चाहते हैं और दुखी, पीड़ित जनता जहां रहती है, उसकी सेवा करने की लालसा उन में न हो तो यह स्पस्ट है कि ऐसे डाक्टर हमारे देश के लिये कैसे कल्याणकारी सिद्ध हो सकते हैं।

बहुत से माननीय सदस्यों ने पीने के जल की समस्या की चर्चा की है। मेरे विचार से स्वास्थ्य मंत्रालय के अधीन यह सम्पूर्ण व्यवस्था होनी चाहिये। भले ही प्लानिंग कमिशन इसके लिये धन दे। लेकिन यह व्यवस्था पूरी स्वास्थ्य मंत्रालय के अन्दर होनी चाहिये। उदाहरण-स्वरूप मैं कहना चाहती हूं कि अगर एक नल कहीं लगा दिया जाय और पानी निकलने की व्यवस्था न हो, नालियों की व्यवस्था न हों, सफाई की व्यवस्था न हों, तो वह स्वच्छ जल स्वास्थ्य के लिये बेकार हो जायगा। दो तीन मंत्रालयों के हेर फेर से पीने के पानी की व्यवस्था होती है यह उचित नहीं है। प्रत्येक प्रांत में लाखों गांव इस तरह के हैं जहां आज भी पीने का पानी ठीक नहीं मिलता है। पौष्टिक पदार्थ खाने को मिलें, उससे अधिक आवश्यकता इस बात की है कि अच्छे स्वास्थ्य के लिये स्वच्छ जल और स्वच्छ वायु मिले। स्वास्थ्य के लिये अच्छा पानी और स्वच्छ वायु के लिये सफाई जरूरी है। मैं आपके द्वारा सरकार से निवेदन करूंगी कि पानी की व्यवस्था करने का पूरा भार स्वास्थ्य मंत्रालय के हाथ में होना चाहिये।

अभी हमारी मंत्री महोदया शायद कुछ लिख रही हैं। मैं उनका ध्यान अपनी ओर आकर्षित करने के लिये कुछ पंक्तियां कहना चाहती हूं :

स्वास्थ्यदात्री सुशीला नैयर,
तुम सबकी हेल्थ बढ़ाती हो।
परिवार नियोजन बर्थ कंट्रोल के,
आशिष बचन सुनाती हो।
निज अभिनंदन स्वीकार करो,
तुम दयामयी कहलाती हो।
वित्त मंत्री की भांति मृत्यु पर,
टैक्स नहीं लगवाती हो।
फिर क्यों मरनेवाले के जहरीली
सुइयें कुचवाती हो ?
मनुज जन्म पर अंकुश भारी,
मच्छर मक्खी मरवाती हो।
ब्रह्मा की क्या शत्रु हो उनकी
रचना पर रोक लगाती हो।
पैन्सलीन के टीके दे कर,
क्यों रुधिर अशुद्ध बनाती हो।
शाकाहारी पवित्र देह में,
कीटाणु प्रवेश कराती हो।
हे महिमामय कलियुग देवी,
मनमानी सृष्टि रचाती हो।

[श्रीमती कमला चौधरी]

करतीं सब का कल्याण, पुजापा,
उचित नहीं तुम पातीं हो ।
क्या इसी लिये आर्य रक्त में,
मेल मिलावट करवातीं हो ?

अन्त में मेरा निवेदन है कि हमारे लिए यह शोभनीय नहीं है कि इतने बड़े स्वास्थ्य विभाग का मंत्री केवल राज्य मंत्री हो । मैं कामना करती हूं और सरकार से प्रार्थना करती हूं कि उन्हें मंत्रिमंडल का सदस्य बना दिया जाय ।

**श्री गौरी शंकर कक्कड़** (फतेहपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, स्वास्थ्य मंत्रालय की मांगों के बारे में विचार करते समय दो तीन चीजों की तरफ विशेष तौर से हमारा ध्यान जाता है । सब से महत्व का प्रश्न देहाती क्षेत्रों में पीने के पानी की व्यवस्था करना है । यह विषय इसी मंत्रालय से सम्बन्धित है क्योंकि इसका सम्बन्ध जनस्वास्थ्य से है । आज सवेरे प्रश्नोत्तर काल में मंत्री महोदय ने स्वीकार किया था कि बहुत से प्रदेशों में जो रुपया इस मद में दिया गया है वह व्यय नहीं हो पाया है और उसका एक कारण और सब से बड़ा कारण जहां तक उत्तर प्रदेश का सम्बन्ध है, यह है कि कुएं बनाने का प्रश्न जब आता है किसी भी देहाती क्षेत्र में तो जो ग्रांट या सहायता भारत सरकार देती है, उसके अतिरिक्त मैचिंग ग्रान्ट का जब प्रश्न उठता है तो हां पर उस अनुपात से कांस्ट्रीब्यूशन न होने के कारण प्रगति नहीं हो पाती है और यह रुपया इसी प्रकार रखा रह जाता है । मुझे यह सुझाव देना है कि वास्तव में जो देहाती क्षेत्र इस प्रकार के हैं जहां कि अब भी जनता तालाबों से पानी पी कर, गन्दे पानी से अपना जीवन निर्वाह करती है, वहां तो भारत सरकार को सेंट पर सेंट ग्रांट दे कर के ऐसी व्यवस्था करनी चाहिये कि वहां पर कुंए गैरह बनें और इस मदद का रुपया वहां अच्छी प्रकार से खर्च होता रहे ।

जहां तक स्वास्थ्य मंत्रालय का सम्बन्ध है जो रोग मनुष्य को होते हैं उनको अच्छा करना और उनको रोकना, उन रोगों को न होने देना, इस मंत्रालय का काम है । इन चीजों की ओर उस को विशेष ध्यान देना है । जहां तक बड़ी बड़ी महामारियों और रोगों का सम्बन्ध है, इसमें कोई सन्देह नहीं है कि जब से हमारा देश स्वतन्त्र हुआ, इस प्रकार की रोक थाम अवश्य हुई है । मैं विशेष तौर पर मलेरिया के बारे में कहूंगा कि काफी सफलता इसके रोकथाम में हुई है । परन्तु मैं यह कहने के लिये बिल्कुल तैयार नहीं हूं कि जो भी इन राष्ट्रीय योजनाओं पर व्यय किया जा रहा है वह उचित रूप से हो रहा है या उसका उचित रूप से उपयोग हो रहा है । आप मुझे यह कहने की इजाजत दें कि बहुधा यह देखा गया है कि देहाती क्षेत्रों में जहां पर नैशनल मलेरिया एरैडिकेशन प्रोग्राम और स्माल पाक्स के प्रोग्राम चल रहे हैं, लोग अच्छी अच्छी गाड़ियों में, स्टेशन वैगनों में एक देहात से दूसरे देहात और एक ब्लाक से दूसरे ब्लाक में घूमते रहते हैं । जिला स्तर पर जो उनके अफसर होते हैं उनका रहन सहन और स्टैंडर्ड आफ लिविंग बहुत ऊंचा होता है । चूंकि वह बहुत तड़क भड़क के साथ देहाती क्षेत्रों में जाते हैं, जहां के लिये उनका प्रोग्राम है वे इन रोगों का उन्मूलन व्यवस्थित रूप से करने में सफलता प्राप्त नहीं कर रहे हैं ।

एक चीज मुझे विशेष तौर से कहनी है कि अगर हमारा मंत्रालय भारतवर्ष की जन संख्या के आंकड़े ले और उन आंकड़ों को सामने रख कर यह देखे कि कितने भारतवासी ऐलोपैथिक के इलाज पर निर्भर करते हैं और कितनी बड़ी जनसंख्या हमारे देहातों में रहने वाली ऐसी है जो ऐलोपैथिक प्रणाली या इलाज के पास या दवा के पास तक न जाकर अपना जीवन निर्वाह करती है, तो मैं विश्वास दिलाऊंगा कि हमारी अधिकतर आबादी इस देश की

ऐसी है जो आयुर्वेदिक, यूनानी और होमियोपैथिक पद्धतियों के ऊपर निर्भर करती है। कारण यह है कि अब भी आयुर्वेदिक, यूनानी और होमियोपैथिक पद्धतियां बहुत सस्ते दामों में इलाज कर देती हैं, दूसरे उनकी सुविधायें उन्हीं स्थानों में, जहां पर वे लोग रहते हैं प्राप्त हो रही हैं। जब हम यह देख रहे हैं कि अधिकतर संख्या में हमारे यहां के लोग यह हैसियत नहीं रखते, उनके पास इतने साधन नहीं हैं कि वे ऐलोपैथिक पद्धति से अपने रोग का इलाज करा सकें, जब इस प्रकार के आंकड़े हमारे सामने हैं कि एक बहुत बड़ी संख्या हमारे यहां की आयुर्वेदिक, यूनानी और होमियोपैथिक पर आश्रित है, तो जिस प्रकार का व्यवहार स्वास्थ्य मंत्रालय इन पद्धतियों के साथ कर रहा है, वह कहां तक उचित है। मैंने गत वर्ष भी इसका उल्लेख किया था कि जो प्रोत्सहन ऐलोपैथिक पद्धति को दिया जाता है, उसके नौकरों के वेतन देने में, उस की औषधियां मंगाने में और उसके चिकित्सालय खोलने में, अगर उसका आधा भी प्रोत्साहन हमारी अपनी देशी प्रणालियों, अर्थात् आयुर्वेदिक, यूनानी और होमियोपैथिक, को दिया जाय तो हमारी जनता को काफी लाभ हो सकता है। मगर मुझे दुःख है कि इस पर ध्यान न देकर उन पद्धतियों के साथ सौतेली मां का सा व्यवहार किया जाता है।

इसके बाद मुझे यह भी बतलाना है कि कोई भी इस प्रकार की व्यवस्था हमारे देश में सही तौर पर लागू नहीं की जाती जहां पर कि हमारे देश के अन्दर जो जड़ी, बूटियां और दवायें हैं उन पर एक्सपेरिमेंट हो कर उनको आगे बढ़ाया जाये और रोग को दूर करने के लिये उसको सही तौर पर प्रयोग में लाया जाये। स्वास्थ्य मंत्रालय का सम्बन्ध और भी मंत्रालयों के साथ है और इस पर उनको विशेष ध्यान देना है कि बहुत सी खाने पीने की चीजें जो इंडस्ट्रीज विभाग अथवा दूसरे विभागों के द्वारा पैकेट्स के रूप में तैयार की जाती हैं और जो स्वास्थ्य के लिये हानिकारक होती हैं, उन पर भी रोक थाम करने का स्वाथ्य मंत्रालय को अधिकार होना चाहिये।

अन्त में अधिक समय न लेकर एक बात की ओर मुझे आपका ध्यान अवश्य दिलाना है कि जो लड़के और लड़कियां स्कूल जाती हैं, प्राइमरी या सेकेन्डरी किसी भी स्टेज में उनके वास्ते कोई भी स्वास्थ्य की व्यवस्था स्कूलों में देखने को नहीं मिलती। आज से तीस या चालीस साल पहले जब हम लोग पढ़ते थे तब भी जिले के हेल्थ आफिसर प्राइमरी स्कूलों और सेकेन्डरी स्कूलों में जाकर लड़कों को देखते थे। परन्तु आज छोटे बच्चे-बच्चियों के स्वास्थ्य को देखने के लिये स्कूलों में कोई व्यवस्था नहीं है। इसका फल यह होता है कि जब लड़कपन से ही स्वास्थ्य बिगड़ जाता है तो आगे चल कर फिर उनका स्वास्थ्य बिगड़ता ही जाता है। वे स्वस्थ नहीं रहते। मैं चाहूंगा कि कम से कम जो लड़के-लड़कियां स्कूलों में पढ़ती हैं, प्राइमरी स्टेज, सेकेन्डरी स्टेज और यूनिवर्सिटी स्टेज, सब जगह इस की व्यवस्था हो नीचाहिये। प्रत्येक जगह डिस्ट्रिक्ट लेबल पर इसके लिए एक हेल्थ आफिसर या सिविल सर्जन जो भी हो, उस को पूरे तौर से इसकी जिम्मेदारी लेनी चाहिये कि प्रत्येक बालक और बालिका, चाहे किसी भी कक्षा में वह पढ़ती हो, पूर्ण रूप से स्वस्थ हो। उसका स्वास्थ्य किसी प्रकार से बिगड़ न पाये। इन सब बातों पर स्वास्थ्य मंत्रालय का ध्यान जाना बहुत आवश्यक है।

**Shri A. T. Sarma** (Chatrapur): Mr. Deputy-Speaker, Sir, I wholeheartedly support the Demands for Grants of the Health Ministry. The Health Ministry has achieved wonderful results in certain respects. As I have only ten minutes at my disposal, I will confine myself to the indigenous system of medicine.

First of all, our hon. Health Minister is quite aware that the products of the Integrated Courses are neither

[Shri A. T. Sarma]

well up in Ayurveda nor in Allopathy. They register their names as Ayurvedists but practise allopathic medicine. Here there are two mistakes committed. They register their names as Ayurvedists but they never practise Ayurveda and they do not register their names as Allopathists but they practise allopathis medicine. This is one sort of corruption in the health field. So, I draw the attention of the hon. Minister to this thing and I would urge her to do something in this regard. In this connection, I suggest that those who are inclined towards Ayurveda may be given a refresher course in Ayurveda and those who are inclined towards Allopathy, should be given a refresher course in Allopathy and they should be asked to practise either Allopathy or Ayurveda according to their decision so that that question may be solved. In Orissa, there were 292 products of the Integrated Courses and they are being given Training in refresher course. Now that problem has been solved. In this connection, I may also mention that there is a dearth of medical hands in the public health and medical health departments. Their services may be utilised. As we have produced them, we must have a sympathetic view towards them.

It will be ridiculous on my part to say anything about Ayurveda, as I find that the Health Ministry is influenced only by the so-called Ayurvedists. So long as the Health Ministry is under the clutches of the so-called Ayurvedists, nothing can be achieved in the Ayurvedic field. They are manipulating the department or the Ministry so cunningly that nothing real can be done for Ayurveda. And if the Health Ministry being a layman in this field is under their influence, it is not unnatural.

I know that for the last forty years Government have introduced the integrated course and turned out many doctors who are the products of this integrated course, and they were appointed in all the Government offices and they are running the administration now. There is no field for the Ayurvedists in Health Ministry. Even though the Health Ministry is fully aware that they are not well up either in Ayurveda or in allopathy, yet it is putting much weight on them, under their pressure or influence. They know how to serve their masters; they never read the original Ayurvedic books, but they just pick up some words like *dosha, dooshya, bala, satthwa, etc.* and they write some articles in the newspapers and produce some papers in the name of Ayurveda. Because the Health Ministry is a layman in this field, it thinks that these people have produced a good article, and hence put much weight on them. This is what is happening. This is how they are spending a lot of public money in the name of Ayurveda.

In this connection, I am reminded of the *sloka* which says:

मर्कटानां विवाहे तु गर्दभा : किल गायक : ।
परस्परं प्रशंसन्ति हूयहोरुपमहो ध्वनि: ॥

In the marriage party of the monkeys, the donkeys were invited to sing songs, and each set was praising the other; the donkeys were saying 'What a charming face you possess', and the monkeys were saying 'What a sweet voice you possess'. We find the same thing in the Health Ministry also. when one set of of products of the integrated course suggests something, the other set of products supports it, and because of this, the Healthy Ministry is putting much weight on them, and thinks that they have done an excellent work and it should be let out.

**Shri P. Venkatasubbaiah** (Adoni): Both the hon. Minister and the hon. Deputy Minister are eminent doctors.

**Shri A. T. Sarma:** I have much regard for them. I am not criticising them. It is out of my anxiety to do something for Ayurveda that I am saying this. I have no hostility either towards the hon. Minister or towards the hon. Deputy Minister. I have a high regard for both of them. But I want that some concrete work must be done for Ayurveda.

In this connection, I may point out that the research department has produced a paper entitled 'Tuberculosis and its treatment according to the ayurvedic approach'. I know that it was circulated to all the so-called Ayurvedists and thousands of testimonials had been collected. It was sent to the papers, and it was also published in many magazines; even translations in Hindi, Kannada and Telugu have been published, and so many testimonials had been collected. And I am fully aware of the fact that the hon. Minister also has formed a good idea about that paper. But she will be surprised if I were to declare that it is a worthless article so far as Ayurveda is concerned. I am prepared to prove—and even hundred pages may be written on this subject—that all the facts mentioned in that article are quite contrary to the Ayurvedic views. I shall cite just one or two examples to prove my point.

First of all, tuberculosis is caused by four causes. Out of them one is *vegarodha*, which means suppression of the natural calls namely *mala*, *mootra*, *vaata* Madhukosha clearly states.

"वेगोऽत्र वातमूत्र पुरीषाजो न त वगेविधार
जीयो क्तारी जृम्म दीर्घा सर्वे षाम् ।

But our learned doctor has stated in that article that the causes are thirteen in number, and he has quoted a verse which does not relate to tuberculosis at all. He quotes that *sloka* and says that the causes are thirteen in number, and in the foot-note it has been mentioned:

वातविण्मूत्रजृम्म श्रुक्षवोद्गारवमीन्द्रियै :
क्षुत्तृष्णावातनिद्राणामुदावर्तो विधारणात् ।

This means that as a result of the suppression of these thirteen *udavarta* is caused, which is quite a separate disease, and not tuberculosis. And yet this *sloka* was quoted as an authority to prove that tuberculosis was caused by these thirteen causes.

I shall point out another instance in this regard. According to the learned doctor, lack of *shlaishmic oja* is the main cause of the *rajayakshma*, which is quite contrary to the Ayurvedic views. *Shlaishmic oja* means essence of *kapha*. If *kapha* is increased, then the patient is bound to die. And yet the learned doctor has suggested that the *shlaishmic oja* must be increased in order to get the patient cured. That is quite absurd. If *shlaishmic oja* is increased according to the advice of this learned doctor, then the patient is bound to die.

Then, I would give another instance in regard to the treatment also. The learned doctor has suggested that *samshodhana* treatment is to be given, which means that vomiting and purging should be applied. But, according to Ayurveda:

तस्मात् यत्नेन संरक्षेत् यक्ष्मणः मलरेतसी

This means that the bowels and the semen should not be disturbed at any cost, and attention should be paid to keep them in order or in balance. That is the Ayurvedic view. But the learned doctor suggests that *vamana* and virechana also should be applied, that is, vomiting should be encouraged, and also that purgative medicines should be given. The hon. Minister fully knows that if purgative medicines are given to a tuberculosis patient and vomiting medicines are also given, what the fate of that patient will be.

**The Deputy Minister in the Ministry of Health (Dr. D. S. Raju):** This is all an academic discussion. Let my hon. friend come to the subject proper.

**Shri A. T. Sarma:** I am saying this because I know it fully. Surely, I suppose I have the right to suggest something in this regard.

**Dr. D. S. Raju:** There may be difference of opinion on this matter.

**Shri A. T. Sarma:** According to my view, publication of such article should be prescribed. We are for maintaining and preserving health. We are not expected to suggest anything to destroy the health. If such papers are given publicity and anyone starts practising according to this, then the patient is bound to die, and there is no doubt about it. I would like the Ministry to examine what I have stated and find out whether it is true or not.

Then, I would say a word about *shuddha Ayurveda*. Recently, it was decided that *shuddha Ayurveda* should be encouraged, and some *Shuddha Ayurveda* Committee was formed. We were very hopeful and we anticipate that something good will come out of it.

**Mr. Deputy-Speaker:** The hon. Member should try to conclude now.

**Shri A. T. Sarma:** I request I may be given five minutes more, because I am the only Ayurvedist here, and I may be allowed to give expression to my views.

We anticipated many things from the Health Ministry in regard to Ayurveda. Our Health Minister is also kind enough to listen to us, and she realises that there is need to do something for Ayurveda also. But in practice, she is doing something which is quite contrary to *shuddha Ayurveda*. When the *Shuddha Ayurveda* committee was formed to frame a syllabus, they were instructed not to include any scientific elements at all into it. I wonder what is meant by this type of instruction. It is said that *shuddha Ayurveda* means Ayurveda and nothing else; but Ayurveda may be encouraged and Ayurveda may be enhanced and Ayurveda may be improved through science. Even our Prime Minister has said at the meeting in Ceylon that scientific methods should be applied while this treatment is given. But I do not know how these kinds of instructions were given to that committee. If this kind of thing is done, then, again, next time, the complaint would be made that nothing could be done because the Ayurvedists did not want modern appliances or modern scientific products and so on. I am afraid that that is not encouraging Ayurveda in the way in which it should be done. I would request the Ministry to look into this matter also.

Then, I would say another word about the wastage of public money in the name of Ayurveda.

One instance I will narrate about the Hindu University. There was an Ayurveda course in the Hindu University. Pandit Malaviya had collected lakhs of rupees to maintain the Ayurveda Section there. But the present administration has abolished that Ayurveda Section in the University. (*Interruption*). But now I come to know that our Ministry has rewarded Rs. 3 lakhs to the Hindu University as a result of their abolition of the Ayurveda Section there. I do not know what is the fate of those Rs. 3 lakhs. It has been suggested that an M.D. course should be introduced there. But the entrants are neither well up in Ayurveda—only M.B's and M.Sc's in Natural Science and product of the integrated cause are allowed to take admission in that course—nor they have studied any original books for that course. That course is very meagre of low standard. Only some elements are to be taught. They will be given the degree of M.D., and when these people come out successful as M.D's there will be another problem for us to solve. This is a fact. It is a wastage of public money. There is no doubt about it. Neither the Panel of the Ayurveda Board was consulted nor was the Planning Commission consulted in the matter. And a huge amount was released, I do not know what for. When that University has abolished the Ayurveda Section, why was this money given to that University? If it was intended to introduce it, it might have been established

elsewhere; even in the Tibbia College here it can be introduced. Why was such a huge amount of money given to that University which has no interest in Ayurveda?

There is another instance of wastage of money which I will narrate. That is about the Council of State Boards of Ayurveda. I do not know whether it is a government body or a non-official body. But everybody thinks that it is a government organisation. And I learn that Government is contributing Rs. 5,000 to it. For what purpose? They do not do any constructive work. They simply criticise Ayurveda, to kill Ayurveda. That is their profession. For that also Government is giving a contribution of Rs. 5,000, and supplying all information for the establishment of its paper.

It is my duty to point out these things. It is public money. In these Emergency days even one paisa has to be conserved like a lakh of rupees. But such huge amounts are wasted for nothing, in the name of Ayurveda. So I would like to draw the attention of the Health Ministry to these facts.

In this connection I wish to make a suggestion. So many committees were appointed on Ayurveda and all of them have suggested. I suggest the establishment of a Council on the Indigenous System of Medicine. If a body on the lines of the Indian Medical Council is established for this purpose, I think the whole problem will be solved. Now the Government is entirely dependent on the recommendation of a single man. If such a Council is established, it will be a representative body and it will work satisfactorily. Sir, I am not going to take much more time, but it is my duty to point out these things. If the Government is not prepared to establish such a Council in the near future, Government may appoint a Committee to control such wastage of public money, a Committee consisting of one representative from the Planning Commission, one from Finance, one from the Estimates Committee, and one from the Health Department....

**An Hon. Member:** And one from Parliament.

**Shri A. T. Sarma:** All right, and one Parliament Member. A Committee of five members should be constituted, and such wastages may be controlled by that Committee.

I have taken a lot of time. I have much regard for the Health Ministry. My policy is constructive, not destructive. But I find that the Government's policy is destructive, it is not constructive in any way and thereby appeal to change the same.

I thank you, Sir, for giving me time.

**श्रीमती लक्ष्मीबाई** (विकाराबाद) : उपाध्यक्ष महोदय, हमारे दोनों जो मन्त्री स्वास्थ्य मन्त्रालय में हैं बहुत अच्छे हैं और अनुभवी हैं । उन्होंने बहुत अच्छे काम किये हैं, बहुत अच्छी अच्छी स्कीम्ज उन्होंने चलाई हैं, जिसके लिए मैं उनको धन्यवाद देती हूं । खास तौर पर लेडी हैल्थ मिनिस्टर बहुत तजुर्बेकार हैं और यह विमेन वर्कर्ज को कुछ काम भी दे रही हैं और इसके लिए मैं उनको बधाई देती हूं । दिल्ली में जो बहनें काम कर रही हैं, वे भी बहुत अच्छा काम कर रही हैं ।

जब इस तरह के डिपार्टमेंट्स पर चर्चा होती है तो लेडी मैम्बर्ज को जो आप समय देते हैं, उसके लिए मैं आपको, उपाध्यक्ष महोदय, धन्यवाद देती हूं । लेकिन आपने मुझे जो पांच मिनट दिये हैं, उसमें मैं अपनी बात नहीं कह सकूंगी और मैं आशा करती हूं कि आप मुझे ज्यादा समय देंगे ।

जब हम पापुलेशन के आंकड़े देखते हैं तो पाते हैं कि १९६१ में हमारी पापुलेशन बहुत बढ़ गई थी, कम से कम बीस परसेंट वह बढ़ गई थी । शहरों में तो भाई ज्यादा बीमार पड़ते हैं बहनें कम बीमार पड़ती हैं लेकिन गांवों में बहनें ज्यादा बीमार पड़ती हैं, भाई कम । यह मैं परसेंटेज दे रही हूं । शहरों में तो बहनों के लिए आपने काफी सहूलियतें दे रखी हैं, काफी फैसिलिटीज दे रखी हैं

[श्रीमती लक्ष्मीबाई]

लेकिन गांवों में बहुत कम दी हुई हैं। वहां पर फैसिलिटीज नहीं के बराबर हैं। हैदराबाद वगैरह के चार पांच अस्पतालों को मैंने देखा है और वहां पर अकसर बहनों की संख्या ही बहुत देखी है। वहां पर नर्सिस बहुत कम हैं, लेडी डाक्टर्ज तो मिलती ही नहीं। आजादी मिलने के पश्चात् बहनों में बीमारियां ज्यादा बढ़ गई हैं। इसके कई कारण हैं। खाने को अच्छी चीजें नहीं मिलती हैं और अगर मिलती हैं तो बहुत महंगी मिलती हैं, उनमें मिलावट होती है और पर्दे में रहने की जो प्रथा है, वह भी इसके लिए जिम्मेदार है। पर्दानशीन बहनें घरों से बाहर नहीं जाती हैं, घरों के अन्दर ही रहती हैं। ये सब कारण हैं कि बीमार बहनों की संख्या बढ़ती जा रही है और बच्चे भी साथ साथ बहुत बीमार होते जाते हैं। डाक्टर लिमिटेड हैं, अस्पताल लिमिटेड हैं और वैड्ज भी लिमिटेड होते हैं गांवों में। केरल में तो बहनें सौ परसेंट गांवों में रहती हैं, बच्चे भी वहीं रहते हैं। गांवों की हालत आज यह है कि वहां दवाइयां नहीं मिलती हैं, कम्फर्ट्स नहीं मिलती हैं, खाने को कुछ नहीं मिलता है। मैं एक सुझाव देना चाहती हूं और अगर उसको आप अमल में ला सकें, तो लाने की कोशिश करें। मैं जानती हूं कि आप अच्छा काम कर रही हैं, इसलिए मैं आपको यह सुझाव देना चाहती हूं। गांवों में जो अच्छी अच्छी वैजीटेबल्ज होती हैं, दूध होता है, अण्डे होते हैं, फल होते हैं, वे सब शहरों में आ जाते हैं। वहां पर गरीब लोग रहते हैं और इस वास्ते उनको मजबूर होकर इनको बेच देना पड़ता है। वहां पर इस कारण से बच्चों को दूध नहीं मिलता है, खाने के लिए सब्जियां, अंडे, फल आदि नहीं मिलते हैं। इसके ऊपर किसी तरह की रुकावट लगनी चाहिये। हमने पंचायतें गांवों में खोल रखी हैं। पंचायतों के जरिये हम इस पर रोक लगा सकती हैं। आज भी सरकार एजुकेशन के लिए सबसिडी देते हैं, एडल्ट एजुकेशन के लिए या विमेन एजुकेशन के लिए या नए स्कूल खोलने के लिए। इस तरह के कामों के लिए सरकार कुछ परसेंट रुपया स्टेट्स को देती है, स्टेट्स को हैल्प देती है। रुकावट लगाने के लिए सरकार को चाहिये कि वह कुछ रकम पंचायतों को दें और पंचायत वाले यह देखें कि गरीब लोग जितना कम से कम हो सके इन चीजों को बेचें और अपने खाने के लिए भी कुछ रख लें और उनको इसके लिए सबसिडी मिले। खादी को सरकार सबसिडी दे रही है, फूड में सबसिडी दे रही है, खाद में सबसिडी देती है, इसी तरह से उसको दूध में, फलों में, अंडों आदि में, सब्जियों में सबसिडी देनी चाहिये ताकि अपने खाने के लिए वे इन पदार्थों को रख कर तन्दुरुस्त रह सकें। कुछ परसेंट सबसिडी तो दे ही सकती है। स्वस्थ रहने के लिए हवा, पानी और खाने की जरूरत होती है। इसलिए इन तीनों का अच्छा प्रबन्ध होना चाहिए।

रूरल एरियाज में पानी पीने को नहीं मिलता है और लोगों को दूर दूर के स्थानों से जाकर पानी लाना पड़ता है। मध्य प्रदेश में, राजस्थान में, हैदराबाद में, भोपाल में तथा दूसरे इलाकों में जहां प्रिंसली स्टेट्स हुआ करती थीं वहां के रूलर्ज अपने आराम के लिए तो सब साधन मुहैया कर लिया करते थे लेकिन गांवों की तरफ वे कोई ध्यान नहीं दिया करते थे। गांवों में आज तक भी पीने के पानी का प्रबन्ध नहीं हो पाया है। हैदराबाद की बात मैं आपको बतलाती हूं। हमारे यहां गांवों में बिल्कुल पीने का पानी नहीं होता है और बहनों को दो दो और तीन तीन मील दूर जा कर पानी लाना पड़ता है। आज सवेरे ही पीने के पानी का सवाल यहां उठाया गया था। आपने जवाब दिया था कि आप अपने हिस्से का रुपया तो देते हैं लेकिन स्टेट गवर्नमेंट्स जो उनके हिस्से का रुपया होता है, उसको नहीं जुटाती है। यह अच्छी बात नहीं है। स्टेट्स को चाहिये कि वे इसकी व्यवस्था

अपने बजट में करें । पन्द्रह साल का तजुर्बा होने के बाद, दो प्लान जो खत्म हो चुके हैं और तीसरा जो चल रहा है, उसका तजुर्बा होने के बाद आप इस नतीजे पर पहुंचे हैं कि चूंकि स्टेट बजट्स में इसके लिए कोई प्राविजन नहीं किया जाता है, इसलिए करोड़ों रुपये की रकम वापिस हो जाती है, लैप्स हो जाती है । इसलिए मेरा सुझाव है कि आप स्टेट्स को डायरेक्ट पैसे दीजिये, जो स्टेटस आपके पास आयें, वही स्टेट्स आपकी सहायता ले सकें, ऐसा प्रबन्ध आप कीजिये । प्लान में रुपया रख देने से कोई लाभ नहीं ।

